रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, सोमवार 23 दिसंबर 2024, वर्ष 10, अंक 341 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

# कुवैत में पीएम मोदी ने किया कुंभ का जिक्र, इंडिया-मिडल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर से दुनिया को मिलेगी नई दिशा






**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को कुवैत पहुंचे हैं। करीब 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ये पहली कुवैत यात्रा है। इस दौरान पीएम मोदी ने कुवैत सिटी में भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने भारत और कुवैत के बीच सदियों पुराने व्यापारिक संबंधों की सराहना की। इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया के लिए नई दिशा बताया। पीएम मोदी ने 'हाला मोदी' इवेंट में लोगों को भारत आने का न्योता दिया। उन्होंने कुंभ मेला, गणतंत्र दिवस और अन्य त्योहारों के मौके पर भारत भ्रमण का आग्रह किया। **पीएम मोदी ने भारतीय प्रवासियों को किया संबोधित** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुवैत के लोग भी भारत घूमने के लिए आएं, इसके लिए प्रवासी भारतीय उनको प्रोत्साहित करें। उन्होंने इस दौरान पिछली सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें कुवैत पहुंचने में सिर्फ 4 घंटे लगे, जबकि किसी भारतीय प्रधानमंत्री को यहां आने में 43 साल लग गए। पीएम मोदी ने मीना अब्दुल्लाह में एक श्रमिक शिविर का भी दौरा किया, जहां उन्होंने लगभग 1500 भारतीय कामगारों से बातचीत की और उनका हालचाल पूछा। **भारत-कुवैत व्यापारिक संबंधों की जमकर की तारीफ** प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में भारतीय समुदाय के साथ 'हाला मोदी' कार्यक्रम में बात की। उन्होंने भारत और कुवैत के बीच 19वीं सदी से चले आ रहे मजबूत व्यापारिक रिश्तों को याद किया। इंडिया-मिडल ईस्ट इकनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया के लिए नया मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि ये कॉरिडोर दुनिया को नई दिशा देगा। विकसित भारत और न्यू कुवैत जैसे साझा लक्ष्यों पर चर्चा की। भारत के स्किल और क्रिएटिविटी से दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं बढ़ सकती हैं। प्रधानमंत्री ने आयुर्वेद के माध्यम से दुनिया के स्वास्थ्य में भारत के योगदान का भी जिक्र किया। **IMEEC दुनिया को देगा नई दिशा- PM** पीएम मोदी ने कहा कि 19वीं सदी में भी भारत और कुवैत के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत थे। हमारा साझा समुद्र है, साझा स्नेह है, साझा व्यापार है और सबसे महत्वपूर्ण, साझा संवेदनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत का पारंपरिक आयुर्वेद और आयुष उत्पाद दुनिया के स्वास्थ्य को बेहतर बना रहे हैं। नालंदा से लेकर IIT तक, भारत की ज्ञान परंपरा दुनिया को मजबूती दे रही है। पिछले साल G-20 समिट में India–Middle East–Europe Economic Corridor की घोषणा हुई थी। यह कॉरिडोर दुनिया को नई दिशा देगा। **भारतीय प्रवासियों को कुंभ आने का दिया न्योता** 'हाला मोदी' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने प्रवासियों को भारत आने का न्योता दिया। उन्होंने कहा, त्योहारों का मौसम, कुंभ मेला और गणतंत्र दिवस देखने भारत आइए। कुवैत के लोगों को भी भारत घूमने के लिए प्रेरित कीजिए। उन्होंने बताया कि भारत डिजिटल रूप से स्मार्ट हो गया है और यह तो बस शुरुआत है। दोनों देशों के बीच साझेदारी पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने इसे 'स्किल, क्रिएटिविटी, तकनीक और ह्यूमन रिसोर्स' की जरूरत बताई।

***प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया के लिए महत्वपूर्ण बताया। पीएम मोदी ने श्रमिक शिविर का भी दौरा किया और वहां भारतीय कामगारों से बात की।***

## तिरुपति बालाजी और श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर में सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी संग पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की








*रांची। तिरुपति की पावन धरती में विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी और श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के संग पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की।*

## स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार को ध्यानार्थ और प्रार्थना



**रांची।** चान्हो पतरातू निवासी सूरज कुमार पिता बदन यादव, जो बुढ़मू थानाक्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल हो गए थे,उन्हे इलाज के लिए मेडिका अस्पताल रांची में भर्ती कराया गया था,जहां देर रात इनकी मौत हो गई।मेडिका अस्पताल ने चार घंटे में परिजनों को थमाया 91 हजार का बिल, परिजन बिल जमा करने में असमर्थ है।पीड़ित परिवार ने माननीय स्वास्थ्य मंत्री से मदद की गुहार लगाई है।




टीम के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा एक बड़ी मुश्किल में फंसते हुए नजर आ रहे हैं। रॉबिन उथप्पा के खिलाफ लाखों के धोखाधड़ी मामले में अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। टीम इंडिया के इस पूर्व क्रिकेटर पर प्रोविडेंट फंड में घोटाले का आरोप लगा है। EPFO के आयुक्त सदाक्षरी गोपाल रेड्डी द्वारा जारी किए गए वॉरंट के आधार पर पुलकेशीनगर पुलिस को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। दरअसल उथप्पा पर यह आरोप उन्ही के कंपनी के कर्मचारियों ने लगाया है।

## सीएम हेमंत और कल्पना सोरेन मिले आर्चबिशप विंसेंट आइंद से, क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं, देखिये इस मुलाकात की खास तस्वीरें

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने आज डॉ० कामिल बुल्के पथ स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप विंसेंट आइंद से मुलाकात की। दोनों ने उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सीएम हेमंत ने केक काटकर सभी लोगों को वितरित किया और मैरी क्रिसमस की बधाई दी। बता दें कि हेमंत सोरेन हर साल क्रिसमस पर आर्च बिशप से मिलते हैं और उनको शुभकामना देते हैं। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि क्रिसमस पर वे राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हैं। कहा कि जिस तरह से झारखंड में अनेकों पर्व को खुले मन और भाईचारे के साथ मनाते हैं, उसी तरह से



मैरी क्रिसमस को भी मनाया जायेगा। विधायक कल्पना सोरेन ने सबको मेरी क्रिसमस कहा सीऔर सबके जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की. उन्होंने कहा कि आर्च विशप से वह आशीर्वाद लेने भी पहुंची थीं।

## सीएम हेमन्त सोरेन एवं कल्पना आर्चबिशप विंसेंट आइंद को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन आज डॉ० कामिल बुल्के पथ स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप विंसेंट आइंद से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत में होने वाले संगठनात्मक चुनावों के तुरंत बाद यह कैंपेन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मोर्चे की जिला इकाइयों को दलित बहुल गांवों में जाने और पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने को कहा गया है। **अंबेडकर विवाद पर शाह सफाई दे चुके** अंबेडकर पर दिए बयान पर अमित शाह सफाई दे चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर को कहा था- 'संसद में बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए।

## वरिष्ठ पत्रकार प्रसून लतांत डा बी आर आंबेडकर सबाल्टर्न पत्रकारिता अवार्ड से हुए सम्मानित



**हेमलता म्हस्के** वंचित समुदायों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए वरिष्ठ पत्रकार और समाजकर्मी प्रसून लतांत को प्रथम डॉक्टर बी आर अंबेडकर सबाल्टर्न जर्नलिज्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवार्ड का उद्देश्य उन पत्रकारों, लेखकों और स्तंभकारों के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है, जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जागृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं और देश में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री लतांत को यह अवार्ड हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र टाउन हॉल टाइम्स द्वारा दिया गया। डा आंबेडकर की याद में इस तरह के अवार्ड देने की परंपरा की शुरुआत वरिष्ठ पत्रकार और संपादक सुरेंद्र कुमार ने की है। दिल्ली के राजेंद्र भवन में बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि पर आयोजित एक जागृत समारोह में को जाने-माने एंकर दारिन शाहिदी सहित ग्लोबल लॉ फोरम के अध्यक्ष प्रभाकरण लिंकन, आमलोगों के हक के लिए संघर्ष करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण मांझी और जीएसटी कमिश्नर शक्तिवेल ने प्रदान किया। इन अतिथियों ने इस मौके पर देश के विभिन्न राज्यों के जोखिम मोल लेकर लेखन करने वाले पत्रकारों और लेखकों को भी सम्मानित किया। इसके पहले इस साल ही राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र जनसत्ता के चीफ रिपोर्टर रहे प्रसून लतांत पत्रकारिता के प्रख्यात शिक्षक और लेखक डा देवेंदर कौर उप्पल स्मृति पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किए गए हैं। प्रसून लतांत को यह सम्मान नई दिल्ली स्थित गांधी शांति प्रतिष्ठान में विन्यास प्रकाशन द्वारा कवि घनश्याम की याद में आयोजित एक समारोह में दिया गया। उन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए हिन्दी उर्दू अदबी संगम, नई दिल्ली की ओर से सुंदरलाल बहुगुणा स्मृति सम्मान से भी सम्मानित किया है। बिहार के भागलपुर में जन्में फिर वहीं से पढ़े लिखे।

## 'डंकी रूट' से वे किसी तरह जिंदा पहुंचे अमेरिका लेकिन डिपोर्ट कर दिए गए



**नई दिल्ली** : डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। 20 जनवरी को वो जब ये जिम्मेदारी संभालेंगे तो उनके पास कामों की एक लंबी लिस्ट होगी। इसमें सबसे ऊपर है US में अवैध अप्रवासियों पर एक्शन, जिसमें हो सकता है सेना की भी मदद लेनी पड़े। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने बड़े पैमाने पर निर्वासन का वादा किया है। हजारों भारतीयों का भविष्य अधर में है।

ऐसे में हमारे सहयोगी अखबार टीओआई ने 'डंकी रूट' से अमेरिका में अवैध रूप से एंट्री की चाह रखने वाले दो युवाओं से बात की। उनसे ये जानना चाहा कि आखिर उन्हें 'डंकी रूट' में क्या कुछ सहना पड़ा। **हरियाणा के दो युवाओं की कहानी** 'डंकी रूट' से यूएस जाने का सपना लेकर घर से निकले दोनों युवा हरियाणा से थे। इनमें एक हरियाणा के करनाल से हैं तो दूसरा जींद से। पहला, जो लगभग 28 साल का है, उसने 2018 में अपनी अवैध यात्रा का प्रयास किया था। दूसरा, जो 25 साल का है, उसने हाल ही में 'डंकी रूट' अमेरिका जाने का प्लान किया। हालांकि, दोनों को US में अवैध रूप से एंट्री की कोशिश में बेहद कष्टदायक अनुभव हुए। वे 'डंकी रूट' के जरिए गए और वापस भेज दिए गए। बावजूद इसके दोनों इसे फिर से आजमाना चाहते हैं। **जींद के मनदीप ने बताई आपबीती** सबसे पहले बात जींद से आने वाले मनदीप सिंह की, जिन्होंने अपनी इस यात्रा के लिए करीब एक एकड़ खेती योग्य जमीन ही बेच दी। जब वह घर से निकले थे तो उनका वजन लगभग 70 किलो था। लेकिन महज 45 किलो वजन के साथ वापस आए। मनदीप सिंह ने बताया कि उनकी यात्रा अमृतसर से शुरू हुई। 28 लोगों के एक ग्रुप को दुबई, फिर ओमान भेजा गया। फिर वे मिस्त्र गए और वहां से लीबिया, एक कार्गो विमान में जिसमें सीटें नहीं थीं। उस फ्लाइट में लगभग 250 लोग थे, जिनमें से कई लोगों को पूरी यात्रा खड़े होकर करनी पड़ी। **अमृतसर से दुबई-ओमान-लीबिया का सफर** मनदीप सिंह ने बताया कि शुरुआत में हम 15 दिनों के लिए एक कमरे में थे। यूं कहें कि लगभग फंसे हुए थे। वह लीबिया में कहीं कोई जगह थी। लीबिया से, उन्होंने इटली के लिए एक खतरनाक नाव की सवारी की। नाव की क्षमता 50 लोगों की थी। हालांकि, इसमें 200 लोग सवार थे। फिर हमने लगभग 15 दिन एक कंटेनर में बिताए। हमने टैक्सी की सवारी के लिए पैसे दिए थे। लेकिन एजेंट ने हमें एक कंटेनर में जबरदस्ती डाल दिया। कंटेनर में 150 लोग रहे होंगे, सभी खड़े थे। मनदीप सिंह ने आगे कहा कि मेरा अनुमान है उस कंटेनर में खड़े होकर हमने ब्राजील से कोलंबिया तक लगभग 3,000 किमी, ऐसे ही यात्रा की। फिर जंगल में एक ट्रक में 15 दिन और, जहां हमें कच्चा मांस खाना पड़ा। हमें नहीं पता था कि हम कौन सा मांस खा रहे हैं।

## सीमांत क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षित कर स्व-रोजगार को बढ़ावा दे रहे सशस्त्र सीमा बल के जवानः शाह

रांची : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सशस्त्र सीमा बल के 61वें स्थापना दिवस परेड के अवसर पर पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर अपने संबोधन में शाह ने स्पष्ट किया कि, 'एसएसबी के जवान सीमांत क्षेत्र के युवाओं को मधुमक्खी पालन, कंप्यूटर ट्रेनिंग, मोबाइल रिपेयरिंग और मोटर ड्राइविंग जैसे कई प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार कर रहे हैं।' इस मौके पर शाह ने देश की सीमा की रक्षा और



पूर्वी क्षेत्र से नक्सलवाद को समाप्त करने के अभियान में अपने जान की बाजी लगा देने वाले बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि भी दी। अब तक सशस्त्र सीमा बल को 4 पद्मश्री, 1 कीर्ति चक्र, 6 शौर्य चक्र, 2 राष्ट्रपति वीरता पदक, 25 पुलिस वीरता पदक और 35 वीरता पदक मिले हैं।

## बीबीआइएफ और जेएसकेके ने बांटे कंबल



रांचीः भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन और जनहित संस्कृति कला केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में राजधानी रांची के विभिन्न स्थानों पर गरीब, असहाय और वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान करीब 500 कंबलों का वितरण दोनों संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से किया गया। कला केन्द्र के निदेशक चंदन मिश्रा ने बताया कि भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन और जनहित संस्कृति कला केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में समाज सेवा के विभिन्न आयामों से जुड़े कार्य किये जाते रहे हैं। समाज के अन्तिम पायदान एवं असहाय लोगों की सेवा के अनवरत प्रयास से ही कंबल वितरण का कार्य संपन्न हो सका है। इस पुनित कार्य के लिये समाज के भव्य व्यक्तियों ने सहयोग दिया है, उसके प्रति संस्था कृतज्ञता जाहिर करती है। वहीं भीम बिरसा इमेंस फाउंडेशन की सरिता पांडेय ने कहा कि मानव सेवा के विचारों से अभिप्रेत होकर लगातार हम उनके उत्थान की दिशा में काम करते रहे हैं और इसी प्रकार मानव सेवा के प्रति हमारी संस्था का समर्पण आगे भी जारी रहेगा।

## झारखंड भाजपा ने 5628 शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

रांचीः अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झारखंड भाजपा ने आज शक्ति केंद्र ,पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर भव्य तरीके से सदस्यता अभियान संगठन महापर्व का शुभारंभ किया। गांव, गांव में जनता में सदस्यता ग्रहण करने केलिए उत्साह देखा गया। पंचायत,बूथों पर लोग एकत्रित होकर सदस्यता ग्रहण करने में जुटे रहे। ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को तकनीक रूप में सफल बनाने में युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़चढकर सहभागिता निभाई। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपने क्षेत्र में गिरिडीह जिला अंतर्गत बेलवाना पंचायत के खोरों गांव में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची जिला के हरमू मंडल अंतर्गत डीएवी स्वर्णरेखा शक्तिकेंद्र में संगठनपर्व का शुभारंभ किया।

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ चुटिया में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय गिरिडीह के पचंबा शक्ति केंद्र में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी इचाक के चाराडीह में, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ओरमांझी में, डॉ प्रदीप वर्मा टाटीसिलवे मंडल के महिलौंग शक्तिकेंद्र में,मनोज कुमार सिंह मेदिनीनगर के बारालोटा शक्ति केंद्र में,राकेश प्रसाद रामगढ़ के पतरातु स्थित जयनगर शक्ति केंद्र में उपस्थित रहे।

संगठन महापर्व के तहत सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता के सहयोग और समर्थन से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।आज भाजपा के 11 करोड़ से ज्यादा भाजपा के सदस्य हैं।

श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की नीतियों,कार्यक्रमों पर जनता का विश्वास बढ़ा है। देश तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में जनता ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का गरीब कल्याण ,महिला सशक्तिकरण, अंत्योदय,किसान सम्मान, आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं पर जनता का भरोसा बढ़ा है। जनता को यह विश्वास आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत, विकसित भारत का सपना भाजपा ही पूरा कर सकती है। झारखंड अलग राज्य भी भाजपा ने बनाया और भाजपा ही संवारेगी।

उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि विकसित भारत केलिए भाजपा को मजबूत करें। हर घर भाजपा हो। युवा और महिला शक्ति से उन्होंने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया और कहा कि ऑनलाइन नंबर 88000024 डायल कर भाजपा के सदस्य बने।

## विज्ञान, कला और शिल्प प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



**बेड़ो** : संत जगत ज्ञान महर्षि मेहिं पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को 'निर्माण' विज्ञान, कला तथा शिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में नर्सरी से 10वीं कक्षा के छात्रों ने अलग-अलग प्रदर्शनी लगायी। प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया। जिसमें जलवायु पर आधारित, प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाउस प्रभाव, कालचक्र (हिंदी), धातु रुप, शब्द रूप (संस्कृत), गणित, सामाजिक विज्ञान सहित सभी विषयों पर मॉडल पेश किये। प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि डॉ परमेश्वर भगत व अन्य अतिथि डॉ दीपक कुमार, डॉ उम्मे कुसुम, डॉ रवि भूषण, अजीत कुमार, केसीबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रदीप अधिकारी व डॉ अजय कुमार राज ने किया। डॉ भगत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में मानसिक तथा बौद्धिक विकास होता है। मॉडलों के लिए छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर सचिव डॉ पंकज राज, जसमंती देवी, उपप्राचार्या सुनीता सिंह, प्राचार्य संदीप राज, रोशनी कुमारी व सुशांती भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चान्हो में चार दिनों से लापता नाबालिग छात्र का शव कुएं से बरामद



**चान्हो** : से चार दिन से लापता 17 वर्षीय मो रिजवान उर्फ पप्पू का शव शनिवार की शाम चटवल गांव के पास स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। वह मांडर स्थित संत अन्ना इंटर कॉलेज में 12वीं पढ़ता था। शव मिलने के बाद गुस्साए परिजनों ने चान्हो थाना के सामने रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ कुछ देर के लिए जाम कर दिया। हालांकि 10 मिनट बाद ही थाना प्रभारी ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। राजीवनगर निवासी व्यवसायी मुंतजिर आलम का पुत्र मो रिजवान 18 दिसंबर की शाम चान्हो चौक जाने की बात कहकर घर से निकला था उसके बाद से घर नहीं लौटा। सनहा दर्ज कराने के चार दिन बाद भी पुलिस द्वारा उसका पता नहीं लगाने पर नाराज चान्हो चौक के दुकानदारों ने शनिवार को पूरे दिन अपनी दुकानें बंद रखी थी। रिजवान की खोजबीन के लिए शुक्रवार को खोजी कुत्ता भी मंगाया गया था, परंतु उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने रिजवान के विषय में सूचना देनेवाले को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की थी। थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार को लापता रिजवान का पता लगाने के लिए उसके कॉल डिटेल और परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर कई लोगों से पूछताछ की गई थी।

## क्रिसमस गैदरिंग के जश्न में डूबा लाइट्स इंस्टीट्यूट खूंटी, मची धूम







**ब्यूरो, खूंटी**। क्रिसमस पर्व के अवसर पर जिला मुख्यालय के दतिया रोड स्थित लाईट्स इंस्टीट्यूट में रविवार को जश्न का माहौल दिखा। क्रिसमस त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित क्रिसमस गैदरिंग में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परिसर में मौजूद लोगों के चेहरों पर खुशी की झलकियां देखते बनती थी।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने क्रिसमस के गीत गाए, नृत्य किया और नाटक भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रभु यीशु के जन्म की कहानी को भी नाटक के माध्यम से दिखाया गया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सह शिक्षक प्रकाश टूटी ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का त्योहार प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। इस त्योहार को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर क्रिसमस केक काटा और एक-दूसरे को गिफ्ट दिए। समारोह में मुख्य रूप से संस्थान की शिक्षिका एमलेन हेरेंज, सत्यमा कुमारी, मुनूरेंन सोय और संस्थान के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर को अमित शाह ने की अपमान : रामकृष्ण पांडा

- **भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की शताब्दी वर्षगांठ समारोह 26 दिसंबर 2024 से।**
- **पार्टी विरोधी कार्य करने वाले विंध्याचल बेदीया पार्टी से निलंबित एवं सेनापति मुर्मू तुषारकांत मंडल पार्टी से निष्कासित।**




रांची भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की बैठक राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में राज्य कार्यालय रांची में संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कर झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा मौजूद थे बैठक में 2 मिनट का मौन रखकर शहीद साथियों की श्रद्धांजलि अर्पित की गई राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण पांडा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिस तरह से धक्का मुक्की संसद भवन के अंदर जो संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम पर हो रहा है वह भी देश के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है कि देश में भारतीय जनता पार्टी कमजोर हो रही है इसीलिए हिंदुत्व के ठेकेदार मोहन बने रहना चाहते हैं लगातार भारतीय जनता पार्टी और उनके नेताओं के द्वारा अल्पसंख्यकों पर इसी से स्पष्ट होता है आने वाले देश आने वाले दिन में सांप्रदायिक सद्भावना बिगड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रयास करेगी हमें मुस्तैद रहने की जरूरत है संसद के अंदर अदानी प्रकरण पर किसी भी तरह की चर्चा सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी तैयार नहीं है विपक्ष चाहती है कि संसद चले लेकिन भारतीय जनता पार्टी सांसद को चलाने में नाकामयाब साबित हो रही है लगातार गैर संवैधानिक तरीके से देश को चलाने की कोशिश हो रही है, देश में बेकारी,महंगाई, लाचारी पर संसद में चर्चा नहीं हो पा रही है । उन्होंने कार्यकर्ताओं सहन करते हुए जनता की जन समस्याओं को लेकर जन संघर्ष तेज करने की अपील किया भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने राजनीतिक एवं विधानसभा चुनाव की समीक्षात्मक रिपोर्ट पेश किया। बैठक में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले बड़का गांव विधानसभा से विंध्याचल बेदिया को निलंबित एवं नाला से सेनापति मुर्मू तुषारकांत मंडल बोकारो जिला में गैर पार्टी सदस्यों के द्वारा पार्टी का झंडा और बैनर के इस्तेमाल करने की घटना को गम्भीरता से लेते हुए राज्य परिषद ने बोकारो जिला मंत्री को कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया है। कई साथियों को पार्टी विरोधी कार्यों में संलिप्त पाए जाने पर पार्टी से निष्कासित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन को मजबूत बनाने बड़े पैमाने पर गांव-गांव में सदस्यता अभियान पार्टी सदस्यों की नवीकरण जनसंघटनाओं के निर्माण पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अल्पसंख्यकों ,दलितों एवं आदिवासियों को पार्टी से जोड़नेपार्टी में बड़े पैमाने पर छात्रों युवाओं और महिलाओं को पार्टी में शामिल करने का निर्णय लिया गया है, 26 दिसंबर 2024 पार्टी के 100 वा वर्षगांठ साल भर तक पूरे धूमधाम से बनाने का निर्णय लिया गया।

# नरेंद्र मोदी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया



रांची। भाजपा नेता और राजधानी रांची के समाजसेवी आदित्य विक्रम जयसवाल के सौजन्य से आज दिनांक 22-12-2024 को चौधरी धर्मशाला, खादगढ़ा सब्जी मंडी, सुखदेव नगर, रांची में नरेंद्र मोदी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया । यह आयोजन सुबह- 11:00 से 1:30 बजे तक चला, जिसमें रांची के प्रख्यात चिकित्सक द्वारा 321 मरीज़ों का हेल्थ चेकअप कर उन्हें मुफ्त दवाइयां भी दी गई ।

कैंप में डॉ. सिद्धार्थ कुमार एम.सी. एच. यूरोलॉजी (एम्स) एमएस (जनरल सर्जरी), डॉ. रीमा खलखो एमबीबीएस, एमएस, पीजीडीएफएम (सीएमसी वेल्लोर), डॉ. जैमेश कुमार भगत,दंत रोग विशेषज्ञ जेके भगत डेंटल क्लिनिक, कांके रोड, डॉ. अपूर्वा बरियारबीडीएस, डॉ. राकेश अग्रवाल, करुणा ऑर्थो एंड स्पाइन, डॉ. सतीशऑकोलॉजिस्ट, एचसीजी, कैंसर विशेषज्ञ मेदांता अस्पताल, डॉ. अवनीश सिंह, नेत्र विशेषज्ञ आइरिस सुपरस्पेशलिटी आई केयर सेंटर, डॉ. सुधीर पांडे एवम डॉ. मधुकर आनंद फिजियोथेरेपिस्ट के साथ साथ रांची सदर अस्पताल से सिविल सर्जन की टीम शामिल थी।

मुफ्त चिकित्सा शिविर के दौरान आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई अन्य सेवा नहीं है, सेवा ही हमारा लक्ष्य है। आज हमलोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नाम पर मेगा हेल्थ कैंप की शुरुआत की है यह बहुत ही स्पेशलाइज्ड है इसमें सभी स्तर का इलाज परामर्श दिया गया । उन्होंने कहा कि यह शिविर रांची में ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि हर वार्ड तक ले जाएँगे आवश्यकता और माँग पड़ी तो पूरे झारखण्ड तक ले जाएँगे । उन्होंने कहा की झारखण्ड को अगर सशक्त बनाना है तो यहाँ के लोगों को सबसे पहले स्वस्थ्य रखना होगा इसके साथ मैं आज यह भी बताना चाहूँगा कि अगले स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में नर्व कम्प्रेशन स्पेशलिस्ट एवं यूरोलॉजी टेस्ट सारी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। आने वाले समय में और भव्य तौर पे स्पेशलाइज्ड कैम्प किया जाएगा ताकि जरूरतमंद लोग इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। यह महज एक कैम्प नहीं रहेगा इसमें जागरूकता अभियान भी चलाया जाए

डॉ सिद्धार्थ यूरोलॉजिस्ट किडनी विशेषज्ञ ने कहा की आज इस शिविर में प्रोस्टेट की समस्याएं, यूटीआई, ओवर ऐक्टिव ब्लैडर जैसी बीमारियां पाई गई एवं इसके पश्चात उचित दवाइयां दी गई।

जनरल फिजिशियन एवं फ़ैमिली फिजिशियन डॉ रीमा खलखो ने कहा कि यहाँ जाँच के दौरान हाइपरटेंशन की समस्याएं, डायबिटिक की समस्याएं एवं कार्डियक जैसी समस्याएं पायी गई।

दंत चिकित्सक एवं सर्जन डॉ जेके भगत ने कहा कि जाँच के दौरान पायरिया, कैविटी एवं हेलिटोसिस जैसी बीमारियां पायी गई।

दंत चिकित्सक डॉ अपूर्वा बरियार ने कहा कि जाँच के दौरान क्राउडिंग एवं मिसिंग टीथ पायी गई।

आईरिस सुपरस्पेशलिटी ऑय केयर सेंटर से नेत्र विशेषज्ञ की टीम ने कहा कि यहाँ आँखों में काफ़ी समस्याएं पायी गई जैसे मोतियाबीन रतौंधी जैसी समस्याएं मुख्यतः थी।

डॉ राकेश अग्रवाल ने हड्डी एवं कमर दर्द की समस्याओं का इलाज किया।

डॉ मधुकर आनंद ने कहा कि यहाँ मुख्यतः हड्डी कमजोर होने की समस्याएं पायी गई।

मौके पर कैम्प में राहुल चौधरी, मनीष चौधरी, अनिल सिंह, सनोज चौधरी, चौधरी समाज के अध्यक्ष मनोज चौधरी, महामंत्री हरिशंकर चौधरी, अवध किशोर चौधरी, आदित्य शंकर चौधरी, चंदन चौधरी, अनुराग चौधरी, शुभम सोनी, ऋषभ, ओम, सुबोध आदि लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में मौजूद थे।

# छात्राओं के साथ छेड़खानी करने के मामले में 1 गिरफ्तार, पुलिस रडार पर पूर्व पार्षद और 4 अन्य लोग

**झारखंड न्यूजलाइन**। झारखंड की राजधानी रांची में छात्राओं के साथ छेड़खानी और गलत तरीके से छूने के मामले में पुलिस की दबिश अब उन लोगों पर भी देखने को मिल रही है जो कहीं न कहीं आरोपी को आश्रय देने और उसे बचाने की कवायद में जुटे थे. इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. वहीं, इस तरह के मामले में पुलिस के रडार पर एक पूर्व पार्षद सहित 4 लोग और हैं, जिनके खिलाफ पुलिस जल्द कार्रवाई कर सकती है. राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में कन्या विद्यालय की छात्राओं से छेड़खानी और उनके साथ अश्लील हरकत करने के मामले में कोतवाली थाने की पुलिस के द्वारा एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. रांची के हिंदपीढ़ी के नाला रोड के रहने वाले जसीम को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है. जसीम ने मो. फिरोज को आश्रय दिया था और उसे सहयोग कर रहा था. मामले में पुलिस के रडार पर लोअर बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाले एक पूर्व पार्षद के साथ 4 अन्य लोग भी हैं. हो सकता है कि आने वाले दिनों में उन पर भी पुलिस दबिश देखने को मिले.

## सीएम हेमंत सोरेन से मिली तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी एवं सेंटर फोर एक्सीलेंस की कोच डी. साईश्वरी ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने राज्य में तीरंदाजी क्षेत्र से सम्बंधित समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि विश्व पटल पर झारखण्ड के खिलाड़ी तीरंदाजी के क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। हमारी सरकार झारखंड के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को आवश्यक सभी सुविधा मुहैया करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मौके पर मुख्यमंत्री ने तीरंदाज खिलाड़ी दीपिका कुमारी के हालिया प्रदर्शन को लेकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## RPF ने रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफतार



रांची।रांची रेल मण्डल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर आयोजित ऑपरेशन सतर्क के तहत 74,00 का शराब जब्त करने के साथ झारखण्ड से बिहार के जा रहे शराब तस्करी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

जानकारी के अनुसार शराब तस्करों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के क्रम में बीते 21 दिसंबर को आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक शिशुपाल कुमार अपनी टीम के साथ एवं फ्लाइंग टीम रांची रेलवे स्टेशन रांची के पार्सल ऑफिस के पास एक संदिग्ध को भारी बैग के साथ घूमते पाया।

संदेह होने पर उसके बैग की जांच करने पर 06 अदद प्रतिबंधित शराब बरामद हुई। नाम पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम शंभू कुमार उम्र 22 वर्ष पिता टुनटुन शॉ, निवासी अगमकुआं, पटना, बिहार बताया।

दोस्त ने बताया की वो गाड़ी संख्या 18624 से पटना उक्त शराब को उचित कीमतों पर बेचने जा रहा था। बाद मैगी जी सभी बरामद अवैध शराब को एएसआई शक्ति सिंह द्वारा जब्त कर लिया गया तथा उक्त व्यक्ती को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति और पकड़े गए लड़के को जब्त सामग्री के साथ आगे की कार्रवाई के लिए 22.12.24 को राज्य उत्पाद शुल्क रांची को सौंप दिया गया। जब्त अवैध शराब की कुल कीमत 7400 है।

## मांडर कॉलेज में मास कम्युनिकेशन - बीबीए व बीएड की पढ़ाई शुरू होगी



कॉलेज में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की उपस्थिति में हुई बैठक में कॉलेज की पढ़ाई लिखाई में गुणात्मक सुधार करने, वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई शुरू करने सहित आधारभूत संरचना मजबूत करने को लेकर कई निर्णय लिए गए।बंधु तिर्की ने कहा कि कॉलेज बिल्डिंग के रंग रोगन करने और खेल मैदान को दुरुस्त करने को लेकर जरूरी निर्देश दिए गए है, ।उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को अब बीएड, डीसीए और बीबीए जैसे कोर्स के लिए बाहर नहीं जाना होगा। इससे पहले कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने मांडर कॉलेज का निरिक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने बैठक कर कॉलेज से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मुद्दों व समस्याओं की विस्तृत जानकारी हासिल की और समस्याओं के निदान के लिए पहल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कॉलेज में उनका रूटीन विजिट था। कालेज में शिक्षकों को कमी को जनवरी तक हर हाल में दूर में कर दिया जाएगा। मौके पर डिप्टी रजिस्ट्रार प्रीतम कुमार, कोऑर्डिनेटर ऑडिट अजय प्रकाश, मांडर कॉलेज के प्रिंसिपल कुमार ए एन शाहदेव, प्रो गांवा तिग्गा, मुकुल सिंह, उत्तम साही सहित अन्य मौजूद थे।

## देश भर के महिला इतिहासकारो का महाधिवेशन, 11-12 जनवरी को रॉची में

रविवार 22 दिसंबर को इतिहास संकलन समिति झारखंड की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव हेमंत धींग मजूमदार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। यह बैठक ऑनलाइन की गई।इस बैठक में रांची में 11 जनवरी से लेकर 12 जनवरी 2025 ,तक होने वाले भारतीय महिला इतिहासकारों के सम्मेलन की तैयारी का जायजा लिया गया। इस क्रम में यातायात व्यवस्था, आवास व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था प्रकाशन, भोजन व्यवस्था आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में हेमंत धींग मजूमदार जी द्वारा बहुमूल्य परामर्श दिए गए जिन पर आगे काम करने की बात की गई। ऑनलाइन मीटिंग में इतिहास संकलन समिति के बिहार झारखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ राजकुमार जी के अलावा क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ सुरेश पाण्डेय, डॉ अनुराधा राजहंस, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिवाकर मिंज, सचिव पंकज कुमार, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ संजय कुमार, बैजयंती रानी, हेमराज, वीपिन, शुभ्रा लकड़ा, किरण गुप्ता, प्रिया टोप्पो, डॉ नेहा नुपूर इत्यादि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन इतिहास संकलन समिति झारखंड के महामंत्री डा मृत्युंजय कुमार द्वारा किया गया।

## मंत्री झारखंड के हफ़ीज़ुल हसन ने झारखंड दिव्यांग समाधान केंद्र का उदघाटन



**रांची** । मंत्री झारखंड के हफ़ीज़ुल हसन ने झारखंड दिव्यांग समाधान केंद्र का उदघाटन बरियातु रॉड स्थित रानी बागान में किये, झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के सदस्यों ने 202 दिनों से चल रहा झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के द्वारा धरना के बारे में अवगत कराया गया, जिसमें मंत्री महोदय ने कहा कि दिव्यांग जन की पेंशन 2500 रुपये आने वाले विधान सभा सत्र में पास हो जाएगा, और मिलना. शुरू होगा, साथ ही स्वरोजगार हेतु ऋण और रोजगार हेतु 4 प्रतिसत आरक्षण सुनिश्चित करने की बात कहे, इसी के साथ सभा की समाप्ति की घोषणा की गई, ईस सभा में झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के प्रदेशध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान, उपाध्यक्ष यशवन्त कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष कुमारी जिन्हा, कोडरमा से पंकज कुमार, तनवीर अख्तर, आलोक कुमार, रामगढ़ से मनोरमा कुमारी, हजारीबाग से दीपक शर्मा ,शशिकांत भारती, पलामू से अरविंद कुमार,लाल बिहारी राम, बलराम अंसारी, गोड्डा से राजेश साह, रांची से अशोक महतो, रीना कुमारी, सुषमा कुमारी, दीपक सिंह, लातेहार से सीता कुमारी, अजीत सिंह, अनिल दांगी, धनबाद से प्रमोद यादव, पप्पू चौहान, गिरिडीह से थॉमस हेम्ब्रम , गढ़वा इत्यादि जिलो से सेकंडो दिव्यांगजन ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में लोगों की उमड़ रही भीड़, स्टालों से हुईं खरीदारी



**रांची**ः झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का आगाज बड़े ही धूमधाम से किया गया। महोत्सव में रविवार को करीब पन्द्रह हजार लोगों ने शिरकत किया।

महोत्सव में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए हैं जिसमें आज सरकारी स्टॉल से संबंधित जानकारी दी जाएगी ताकि लोग इसका फायदा उठा सके विशेष रूप से सरकारी स्लॉट में विभिन्न सरकारी योजना संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है, ताकि महोत्सव में आने वाले आगन्तुक उसका लाभ उठा सके। जैसे कि झारखंड टूरिज्म विभाग के स्टॉल में राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थल के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है झारखण्ड के भिलिचित्र परंपराओं की जानकारी तथा हजारीबाग के चित्रित घर, संथाल लोक चित्रकला, जादू पटिया चित्रकला, पैथकर चित्रकला, सोहराय पेंटिंग, कोहवर पेंटिंग इत्यादि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लगाए गए स्टॉल में लोगों के लिए निःशुल्क जांच की व्यवस्था की गई है, महोत्सव में आने वाले लोग अपना निःशुल्क जांच करा रहे हैं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी जा रही है विभाग द्वारा जन शिकायत हेतु रांची जिला प्रशासन का व्हाट्सएप नंबर भी उपलब्ध कराया गया है 9430328080 नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत उद्योग की स्थापना से संबंधित जानकारी प्राप्त कर की जा सकती है पुस्तकों के शौकीन लोगों के लिए पुस्तकों के स्टाल भी लगाए गए हैं जहां मनपसंद पुस्तक भी प्राप्त की जा सकती है मानसिक स्वास्थ्य एवं शांति के लिए प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का भी स्टाल लगा है। दिनांक 22.12.2024 को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में श्री दीनबंधु ठाकुर एव दल, झारखण्ड कला मंदिर, होटवार, रांची द्वारा नागपुरी लोक नृत्य एवं गीत की प्रस्तुती की गई।

## कबरीबाद (चिलगा) गांव में एक जानलेवा हमले में घायल व्यक्ति की मौत



**गिरिडीह**ः गिरिडीह जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित कबरीबाद (चिलगा) गांव में शनिवार शाम को हुई एक जानलेवा हमले में घायल व्यक्ति की मौत हो गई। हमले में घायल दामोदर गोप की कुछ घंटे बाद ही धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है और हमले में इस्तेमाल चाकू को भी बरामद कर लिया है।घटना के बाद पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की कार्यवाही शुरू की और रविवार की सुबह आरोपियों को गिरफ्तार किया. एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## हजारीबाग के कटकमसांडी में एक युवक ने स्कूल से लौट रही नाबालिग लड़की की मांग में सिंदूर भर दिया



हजारीबाग के कटकमसांडी में एक युवक ने स्कूल से लौट रही नाबालिग लड़की की मांग में सिंदूर भर दिया। यह घटना शनिवार को ढौठवा गांव में हुई। युवक की पहचान देवल दांगी के पुत्र नितेश कुमार दांगी के रूप में की गई है, जबकि लड़की दूसरी जाति से है। लड़की के परिवार ने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने तुरंत कारवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। यह मामला पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।

# अभियुक्तो के निशानदेही पर कांड में प्रयोग किये गये मोबाईल, खून लगे चाकू, मोटरसाईकिल एव लोहा का पंच जप्त किया गया




दिनाकं -21.12.2024 को मुफ्फसिल थाना अन्तर्गत चिलगा गॉव से सटे कबरीबाद माईस के निकट दो बाइक पर सवार व्यक्ति को ब्लास्टिंग प्वाइंट पर जाने से सी0सी0एल0 ब्लास्टिंग इचार्ज वसंता कुमार एवं चिलगा गॉव के धर्मेंद्र यादव द्वारा मना किया गया तो वे दोनो व्यक्ति इनके साथ बहस बाजी करने लगे इसी बीच चिलगा गांव वालों के सहयोग से उन दोनो को वहां से भगाया गया । तभी करीब आधा घंटा बाद पुनः दानो बाईक सवार अपने साथ करीब 05-06 अन्य बाईक मे सवार होकर करीब 08-10 व्यक्ति हाथ मे चाकू, रड, भूजाली, लाठी एवं डंडा लेकर आये और चिलगा गॉव के निवासी दामोदर यादव पे0 स्व0 बनवारी गोप अपने घर के बाहर रोड किनारे गली के पास बैठे हुए थे कि जान मारने की नियत से सभी 08-10 अज्ञात व्यक्ति घेर कर लाठी डंडा से मारपीट करते हुए दामोदर यादव को पेट एवं सीना मे चाकू से तीन-चार बार वार किया। जिससे दामोदर यादव गम्भीर रुप से जख्मी हो गये। हल्ला-गुल्ला होने पर नैना कुमारी एवं जितनी देवी बीच-बचाव के लिए आयी तो उनके साथ भी अज्ञात बदमाशो के द्वारा लात-घुसा से मारपीट किया गया। जख्मी दामोदर यादव को ईलाज हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें धनबाद रेफर कर दिया गया।

घटना मे संलिप्त दो व्यक्तियों को ग्रामीणां द्वारा घटनास्थल पर ही पकडा गया जिसका नाम क्रमशः (1) मो0 ताजउद्दीन उर्फ बिट्टु उर्फ फैजान अंसारी पे0 जमीरुद्दीन (2) मो0 एहसान अंसारी पे0 मो0 कलीम अंसारी दोनो सा0 सिमरियाधौडा थाना मु0 जिला गिरिडीह है, तथा अन्य भागने मे सफल रहे।

इस संबंध मे जख्मी के भाई मनोज यादव के लिखित आवेदन के आधार पर मुफ्फसिल थाना कांड सं0-376/24 दिनांक 21.12.24 धारा-191(2)/191(3)/190/109/118 भा0न्या0सं0 दर्ज की गयी ।

इलाज के क्रम मे जख्मी दामोदर यादव की मृत्यु अशर्फी अस्पताल धनबाद मे हो गयी । घटना के त्वरित उदभेदन हेतु डॉ० बिमल कुमार, पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह के द्वारा श्री जितवाहन उराँव, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर, गिरिडीह के नेतृत्व मे एक टीम गठित की गई तथा कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्त (1) मो0 ताजउद्दीन उर्फ ताज पे0 मो0 मोंइनउद्दीन सा0- परातडीह, (2) मिथुन हाडी पे0 अजय हाडी सा0- गरहाटांड, (3) मोहन कु0 पासवान उर्फ रितिक पे0 राजेन्द्र पासवान, सा0- सिमरियाधौडा, (4) मो0 समीर पे0 मो0 शहनवाज सा0- पीपराधौडा, सभी थाना- मुफ्फसिल, (5) मो0 तौफिक पे0 अनवर हक सा0- 06 नं0 आजाद नगर, थाना-पचम्बा, गिरिडीह सभी को गिरफ्तार कर लिया गया एवं अभियुक्तो के निशानदेही पर कांड मे प्रयोग किये गये मोबाईल, खून लगे चाकू, मोटरसाईकिल एव लोहा का पंच जप्त किया गया है ।

गिरफ्तार सभी अभियुक्तो को आज दिनांक-22.12.2024 को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त घटना का उदभेदन 24 घंटे से भी कम समय के अंदर मे किया गया।

# स्व. एन. के. साधु खान 6वां आमंत्रण एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न







**धनबाद**। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित स्व. एन. के. साधु खान आमंत्रण एथलेटिक्स प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने अपने वक्तव्य में कहा ऐसी प्रतियोगिता पूरे झारखण्ड में होनी चाहिए, मुझे अपना समय याद आ गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे अब खेल से भागने लगे हैं मगर जिस प्रकार डायमंड जुनियर एथलेटिक क्लब ने प्रतियोगिता आयोजित किया लग रहा था कि अब एथलेटिक्स में धनबाद फिर परचम लहराएगा । मुख्य अतिथि द्वारा विजेता खिलाड़ियों को प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एथलीटों को 1000 रु ट्रैक सूट तथा मोमेंटो द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले एथलीटों को 700 रु ट्रैक सूट तथा मोमेंटो तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एथलीटों को 500 रु ट्रैक सूट, तथा मोमेंटो प्रदान किया गया। साथ ही साथ मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय एथलीट आदित्य प्रकाश, नितु कुमारी, निरंजन महतो, राहुल मिश्रा, रौशन कुमार, तन्नु कुमारी तथा उनके कोच गौरी शंकर सिंह, सीता मुनि, जयराम भगत को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में तकनीकी पदाधिकारी अभिजीत पात्रा, जीवन रजक, नेपाल प्रसाद महतो, जयश्री गोराई, कृष्णा कुमार महतो, सुजीत गोराई संतोष कुमार रजक कैलाश महतो, प्रमोद कुमार पासवान, प्रदीप मरांडी, विनोद राउत, अनिकेत धर दुबे, अभिषेक माहली, सागर कुमार चौहान, आकाश दत्ता, रोहित कुमार यादव थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में ममता कुमारी, सुजश ठाकुर, डॉ शैलेष कुमार, अरुण कुमार सिंह, आनंद प्रकाश, श्री उमेश राम यादव, सरफराज खान, चंदन कुमार, नंदन कुमार, गणेश प्रसाद, राजा सरकार, सुजापा ठाकुर, दिनेश मोदक, अनिश चंद्रा, जेपी शर्मा ने अपना अहम भूमिका निभाया।

# भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति व मुस्कान एक प्रयास का रक्तदान शिविर

**धनबाद**ः रविवार को भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति एवं मुस्कान एक प्रयास के द्वारा संयुक्त रूप से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो,झारखंड चुनाव आयोग आईकॉन श्वेता किन्नर,मधु सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा के संयोजक व भारतीय रेडक्रॉस समिति के संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, प्रशांत बनर्जी,सतीश सिंह, बिट्टू मिश्रा, राधे श्याम गोस्वामी,अखिलेश सिंह पिंकी गुप्ता, शेखर गुप्ता, ललिता सिंह, सुषमा प्रसाद मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में 61यूनिट ब्लड एसजेएएस हॉस्पिटल धनबाद के डॉक्टर की टीम के साथ रक्त संग्रहित किया गया। डॉक्टर की टीम में मुख्य रूप से डॉक्टर सुदीप पांडे उपस्थित रहे। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक मनजीत सिंह ने कहा की धनबाद जिले में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए भारत स्वाभिमान न्यास और मुस्कान एक प्रयास के द्वारा रक्तदान सिविल का आयोजन किया गया, जिसमें 61 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।धनबाद के मरीजों को आपात स्थिति में रक्त की कमी नहीं हो ऐसी हम सभी कामना करते हैं।मुस्कान एक प्रयास के संस्थापक ललिता चौहान ने कहा कि निरसा के रक्तदाताओं ने




बाढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और एक सम्मानजनक रक्त संग्रह करने मौका मिला धनबाद में रक्त की कमी ना हो इसी कामना के साथ साथ मुस्कान एक प्रयास संस्था पतंजलि योग समिति के साथ मिलकर रक्तदान शिविर लगाया गयाजो सफल रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मनोज सिंह, रविंद्र प्रधान, विजय कुमार, विशाल झूलन मिश्रा, पप्पू मिश्रा,रंजीत साव,प्रकाश कुमार, तरुण अग्रवाल, बंटी सिंह,महेश कुमार, जसपाल सिंह बॉन्ड, राजू काजल बाउरी ,वंदना, मो. हाशिम, नेहा कपूर, दीपक मिश्रा, गौरव रवानी, महेश मिश्रा, गौतम रवानी, रवि सिंह चौहान का सक्रिय योगदान था।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान की शुरुआत



**रांची**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान की शुरुआत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में राजधानी रांची के राजीव मिश्रा के आवास में की गई ।

राजीव मिश्रा ने राजधानी राँची के विभिन्न छेत्रो से आए सैकड़ो लोगो को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई ।

राजीव मिश्रा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान 22/12/2024 से 14/01/2025 तक चलाई जाएगी जिसमे झारखंड प्रदेश से 60 लाख नए सदस्यों को जोडने का लक्ष्य रखा गया है ।

राजीव मिश्रा ने झारखंड की जनता से 800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल कर भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने की अपील की ।

राजीव मिश्रा ने अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 25/12/2024 को 100 नए सदस्य बनाने की अपील की ।

राजीव मिश्रा ने बताया कि 29/12/2024 को सभी नए सदस्यों के साथ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम सुनने का निर्णय लिया ।

सदस्यता अभियान में लंकेश सिंह , गोपाल पारीक , विश्वजीत बोस , प्रभात श्रीवास्तव , राहुल सिन्हा चंकी , पीयूष आनंद , ज्योति शंकर साहू , दीपक कुमार , मनीष मिश्रा , रविन्द्र मोहन मिश्रा , अमर आनंद , अविनाश आनंद , दीपक कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने नए सदस्यों को जोड़ने में अपनी अहम भूमिका निभाई ।



रांची।डॉ० कामिल बुल्के पथ (लोयला मैदान) रांची में आयोजित "क्रिसमस उत्सव -2024" में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन।

## अपराधियों के तलाशी लेने समीर अंसारी के कमर से एक-एक देशी कट्टा बरामद



दिनांक- 21.12.2024 को पुलिस अधीक्षक,गिरिडीह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की बरहसमिया कोडरमा मुख्य सड़क के किनारे घुज्जी जंगल के आस–पास कुछ अपराधी एकत्रित हुए है तथा किसी बड़ी घटना को कारित करने की योजना बना रहे है । प्राप्त सूचना के सत्यापन तथा अग्रिम कार्रवाई हेतु अनु०पु०पदा०,बगोदर सरिया एवं पु०नि०,सरिया अंचल के नेतृत्व में थाना प्रभारी बिरनी,थाना प्रभारी राजधनवार एवं अन्य पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल के साथ घुज्जी जंगल पहुंचे तो पुलिस बल को देख अपराधी भागने लगे जिन्हें दौड़कर पकड़ा गया। पकड़े गये सभी अपराधियो से बारी-बारी से नाम-पता पुछने पर उन्होंने अपना नाम 1. मो0 समीर अंसारी, पे0 मो0 नसीरूद्दीन अंसारी 2.मिराजुउद्दीन अंसारी उर्फ राजा,पे0 महफुज आलम उर्फ हलीम अंसारी, दोनो सा0 लालबाजार 3. रेहान अंसारी,पे0 मिनहाज अंसारी, सा0 ममअहरी 4. रिजवान अंसारी, पे0 मुमताज अंसारी, सा0 लालबाजार, चारो थाना धनवार 5.फनीभूषण साव,पे0 नकुल साव 6. शिबू साव,पे0 गोविन्द साव, दोनो सा0 जितकुण्डी, थाना बिरनी जिला गिरिडीह बताए। सभी पकड़े गये अपराधियों के तलाशी लेने क्रम में मो0 समीर अंसारी तथा मिराज्जुदीन अंशारी उर्फ राजा के कमर से एक-एक देशी कट्टा बरामद हुआ । सभी गिरफ्तार अपराधियों से पुछने पर सभी ने यह स्वीकार किया कि ये सभी एक बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी मे थे। इसके अलावे एक लाल रंग का बिना नंबर प्लेट का अपाचे मोटर साइकिल , दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन एव दो सिम कार्ड को जप्त किया गया। जिसके उपरांत थाना प्रभारी बिरनी के स्वलिखित बयान के आधार पर बिरनी थाना कांड सं0- 226/24 दि0-22.12.2024 धारा- 310(4,5) भा0न्या0सं0 एवं 25(1-b)a/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया ।

## किसी बड़ी घटना को अंजाम देने कि योजना बना रहे गिरफ्तार



श्री अजय कुमार, (भा०पु०से०) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली कि पतरातु डैम के पास दो व्यक्ति अवैध पिस्टल के साथ एक नीला रंग का पल्सर मोटरसाईकिल संख्या- JH01BF-3991 से किसी बड़ी घटना को अंजाम देने कि योजना बना रहे है।

पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा उक्त सूचना का सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

उक्त टीम के द्वारा पतरातु डैम के पास छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें दो व्यक्ति पुलिस को देख मोटरसाईकिल संख्या- JHO1BF-3991 से तेजी से भागने लगे जिनको पुलिस के सहयोग से पकड़ाया गया तथा पकड़ाये व्यक्ति की तलाशी लेने पर अवैध हथियार बरामद हुआ। बरामद हथियार के संबंध में पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस संबंध में पतरातु थाना कांड संख्या-300/2024, दिनांक-21.12.2024, धारा-25 (1-बी0) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान


# भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति व मुस्कान एक प्रयास का रक्तदान शिविर

**धनबाद:** रविवार को भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति एवं मुस्कान एक प्रयास के द्वारा संयुक्त रूप से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो,झारखंड चुनाव आयोग आईकॉन श्वेता किन्नर,मधु सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा के संयोजक व भारतीय रेडक्रॉस समिति के संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, प्रशांत बनर्जी,सतीश सिंह, बिट्टू मिश्रा, राधे श्याम गोस्वामी,अखिलेश सिंह पिंकी गुप्ता, शेखर गुप्ता, ललिता सिंह, सुषमा प्रसाद मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में 61यूनिट ब्लड एसजेएएस हॉस्पिटल धनबाद के डॉक्टर की टीम के साथ रक्त संग्रहित किया गया। डॉक्टर की टीम में मुख्य रूप से डॉक्टर सुदीप पांडे उपस्थित रहे। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक मनजीत सिंह ने कहा की धनबाद जिले में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए भारत स्वाभिमान न्यास और मुस्कान एक प्रयास के द्वारा रक्तदान सिविल का आयोजन किया गया, जिसमें 61 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।धनबाद के मरीजों को आपात स्थिति में रक्त की कमी नहीं हो ऐसी हम सभी कामना करते हैं।मुस्कान एक प्रयास के संस्थापक ललिता चौहान ने कहा कि निरसा के रक्तदाताओं ने बाढ़-चढ़ के हिस्सा लिया और एक सम्मानजनक रक्त संग्रह करने मौका मिला धनबाद में रक्त की कमी ना हो इसी कामना के साथ साथ मुस्कान एक प्रयास संस्था पतंजलि योग समिति के साथ मिलकर रक्तदान शिविर लगाया गयाजो सफल रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मनोज सिंह, रविंद्र प्रधान, विजय कुमार, विशाल झूलन मिश्रा, पप्पू मिश्रा,रंजीत साव,प्रकाश कुमार, तरुण अग्रवाल, बंटी सिंह,महेश कुमार, जसपाल सिंह बॉन्ड, राजू काजल बाउरी ,वंदना, मो. हाशिम, नेहा कपूर, दीपक मिश्रा, गौरव रवानी, महेश मिश्रा, गौतम रवानी, रवि सिंह चौहान का सक्रिय योगदान था।
















# डीआईजी अनूप बिरथरे ने सिविल कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

पुलिस उप-महानिरीक्षक, द0छो0 क्षेत्र अनूप बिरथरे ने लोक अभियोजक, माननीय व्यवहार न्यायालय, राँची, पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, राँची एवं पु0नि0 आदिकांत महतो, थाना प्रभारी, कोतवाली थाना, राँची, पु0अ0नि0 अशोक कुमार पासवान, टी0ओ0पी0 प्रभारी, माननीय व्यवहार न्यायालय, राँची, परिचारी प्रवर ओम प्रकाश दास, सुरक्षा प्रभारी, माननीय व्यवहार न्यायालय, राँची एवं अन्य कनीय पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में माननीय व्यवहार न्यायालय, राँची का सुरक्षा अंकेक्षण किया गया। सुरक्षा अंकेक्षण के दौरान माननीय व्यवहार न्यायालय,राँची के पूर्वी प्रवेश द्वार/उत्तरी प्रवेश द्वार एवं 40 कोर्ट प्रवेश द्वार एवं माननीय व्यवहार न्यायालय, राँची परिसर का निरीक्षण किया गया।

# स्व. एन. के. साधु खान 6वां आमंत्रण एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न



मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित स्व. एन. के. साधु खान आमंत्रण एथलेटिक्स प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी श्री उमेश लोहरा ने अपने वक्तव्य में कहा ऐसी प्रतियोगिता पूरे झारखण्ड में होनी चाहिए, मुझे अपना समय याद आ गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक श्री अरविन्द कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चे अब खेल से भागने लगे हैं मगर जिस प्रकार डायमंड जुनियर एथलेटिक क्लब ने प्रतियोगिता आयोजित किया लग रहा था कि अब एथलेटिक्स में धनबाद फिर परचम लहराएगा । मुख्य अतिथि द्वारा विजेता खिलाड़ियों को प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एथलीटों को 1000 रु ट्रैक सूट तथा मोमेंटो द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले एथलीटों को 700 रु ट्रैक सूट तथा मोमेंटो तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एथलीटों को 500 रु ट्रैक सूट, तथा मोमेंटो प्रदान किया गया। साथ ही साथ मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय एथलीट आदित्य प्रकाश, नितु कुमारी, निरंजन महतो, राहुल मिश्रा, रौशन कुमार, तन्नु कुमारी तथा उनके कोच गौरी शंकर सिंह, सीता मुनि, जयराम भगत को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में तकनीकी पदाधिकारी अभिजीत पात्रा, जीवन रजक, नेपाल प्रसाद महतो, जयश्री गोराई, कृष्णा कुमार महतो, सुजीत गोराई संतोष कुमार रजक कैलाश महतो, प्रमोद कुमार पासवान, प्रदीप मरांडी, विनोद राउत, अनिकेत धर दुबे, अभिषेक माहली, सागर कुमार चौहान, आकाश दत्ता, रोहित कुमार यादव थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में ममता कुमारी, सुजश ठाकुर, डॉ शैलेष कुमार, अरुण कुमार सिंह, आनंद प्रकाश, श्री उमेश राम यादव, सरफराज खान, चंदन कुमार, नंदन कुमार, गणेश प्रसाद, राजा सरकार, सुजापा ठाकुर, दिनेश मोदक, अनिश चंद्रा, जेपी शर्मा ने अपना अहम भूमिका निभाया। यह जानकारी क्लब के कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार ने दिया।



**विजेताओं की सूची**

बालक 14 वर्ष
60 मी
मनोज सोरेन, अमन कुमार, आयुष राज
200 मी
निशांत कुमार यादव, अनुकल्प गोप, गौरव हर्ष
600 मी
अंकित कुमार राम, पंकज मुंडा, आकाश सोरेन
लंबीकूद
मंतोष पांडे, चंद्रशेखर सिंह, प्रतीक कुमार
किड्स जैवलिन
आयुष कुमार, प्रियांशु तिवारी, भास्कर कुमार मंडल

बालिका14 वर्ष
60 मी
नंदनी कुमारी, दिव्या कुमारी, प्रियदर्शनी सिंह
200 मी
राजनंदनी कुमारी, प्रतिमा मरांडी, पूजा हेंब्रम
600 मी
रिया कुमारी, राधा कुमारी, सिद्धि कुमारी
लंबी कूद
खुशी कुमारी किस्कू, निलक्षी गोराई, आरती सोरेन
किड्स जैवलिन
अंजली कुमारी, अर्चना कुमारी, वैभवी शर्मा

पुरुषवर्ग
100 मी
जय सागर कर्मकार, वेद प्रकाश शर्मा, अर्पित दुबे
400 मी
कुमार नमन, टीपू कुमार साहू, ऋतिक कुमार गुप्ता
1500 मी
एम.डी. फहीम, राहुल कुमार महतो, विजय राय
लंबी कूद
मोनू कुमार, रूद्र नील मोदक, राजीव कुमार मंडल
शॉट पुट
संदीप दत्ता, कौशल कुमार, रिशु राज

महिला वर्ग
100 मी
ज्योति कुमारी, तृषा सेन, संगीता कुमारी
400 मी
सुनीता हेंब्रम, जिया कुमारी, सोना कुमारी
1500 मी
फाल्गुनी कुमारी, कल्पना कुमारी, एस अनंथा
लंबी कूद
लवली कुमारी, शेषा लाल, नूपुर कुमारी
शॉट पुट शारदा हांसदा, पायल बावरी, अवनि कुमारी

# भारत देश के लोग संविधान रचयिता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान नहीं सहेगा





बलियापुर–आज बलियापुर प्रखंड के सक्रिय युवा साथियों ने बलियापुर हवाई पट्टी मोड पर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। इस मौके पर सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो उपस्थित थे ! बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति संसद में अमित शाह द्वारा अपमानिया टिपण्णी के विरोध में इस पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन बलियापुर के सक्रिय युवा साथी ने रखा था। सभी का कहना था कि इस तरह का गलत बयान बाजी, अपमानित शब्द हमारे संविधान रचयिता बाबासाहेब अंबेडकर के विरोध नहीं चलने देंगे। मौके पर प्रखंड प्रभारी अविनाश महतो , नेता देवाशीष पांडे, मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता ,विभूति भूषण महतो ,युवा नेता अमित बनर्जी ,रंजीत महतो, आमोद बावरी,सत्येंद्र महतो, जयपाल महतो, कृष्णा दा ,दिलीप महतो, शिवा महतो, बलदेव महतो, संजय महतो, विजय मंडल, नरेश महतो ,अनिल महतो, मदन महतो, तारापदो महतो ,मनजीत, संजीत, संतोष महतो ,सौरभ सरकार,विनोद रवानी ,सुनील महतो ,युधिष्ठिर महतो, शंभू दास, दिलीप बावरी, मनोज बावरी ,गंगाधर महतो, युसूफ अंसारी नूर मोहम्मद अंसारी राम प्रसाद महतो अजीत कुमार महतो हलदर महतो , चंदन भूमिहार,शंकर रवानी, दीपक महतो तैयब अंसारी, सबल महतो अजीत कुमार रामेश्वर महतो, ताराचंद महतो निवास मोदी,एवं तमाम युवा सक्रिय साथी उपस्थित थे।

# थाना परिसर में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया

**अनगड़ाः** थाना परिसर में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया तथा उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया गया। इस मौके पर अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह मौजूद रहे. मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि आपके साथ यदि कोई किसी तरह की छेड़खानी करता है तो चुप ना रहें। बगैर डरे अपने शिक्षकों-अभिभावकों को अवश्य बताएं। आते-जाते रास्ते में किसी भी अप्रिय स्थिति में 100 हेल्पलाइन नम्बर डायल कर पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती है. आगे बताया कि रैली मुख्य रूप से समाज में बेटा बेटी को लेकर वैचारिक मतभेद और सामाजिक विषमता को दूर करने के उद्देश्य से यह जागरूकता रैली निकाली गई।




# पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर और बंधू तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात





**रांची** : पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर और बंधू तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को मुलाकात की. मुख्यमंत्री आवास में हुए इस शिष्टाचार मुलाक़ात की। ये तस्वीर मिथिलेश ठाकुर और बंधू तिर्की ने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर साझा किया। बंधू तिर्की ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि "नयी सरकार, नया उमंग, नवीन उत्साह, नये सपने, बुलंद इरादे, नूतन वर्ष के आने की आहट और इन सबके बीच ख़ुशी से सराबोर हमारा-आपका क्रिसमस का त्यौहार. इससे अच्छा अवसर भला क्या हो सकता है माननीय मुख्यमंत्री श्रीमान हेमंत सोरेन जी से मिलकर उन्हें शुभकामनायें देने का। आज माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर उन्हें सांकेतिक रूप से अपने संविधान की प्रति भेंट की।

# श्री सर्वेश्वरी समूह का बुढ़मू में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 353 मरीजों का हुआ इलाज





**रांची** : श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा ने बुढ़मू ब्लॉक के छापर गांव में निशुल्क चिकित्सा एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में 353 रोगियों को चिकित्सीय परामर्श के साथ दवा भी बांटे गये। इससे पहले परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और परमपूज्य बाबा संभव राम जी की विधिवत तरीके से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मरीजों को निशुल्क एलोपैथिक और होम्योपैथिक चिकित्सीय सुविधा प्रदान की गयी। शिविर में ब्लड शुगर जांच की भी व्यवस्था की गयी। साथ ही जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल और वस्त्र का भी वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में इन सभी कोई का महत्वपूर्ण योगदान रहा निशुल्क चिकित्सा और दवा वितरण शिविर में चिकित्सीय परामर्श देने वाले चिकित्सकों में डॉ. एस. एन. सिन्हा, डॉ. रोहित सिंह, डॉ. शंकर रंजन, डॉ. उत्पल, डॉ. शाम्भवी, डॉ. कृष्णा मुरारी सिंह, डॉ. संतोष कुमार और डॉ. देव प्रकाश सिंह शामिल थे। इसके अलावा पवन कुमार, मनीषा कुमारी, और खुशभु खलखो ने भी शिविर में योगदान दिया। शिविर के सफल आयोजन में बुढ़मू से मूरसिंह लाल मांझी, रामानंद करमाली, कुदरत अंसारी, अरविंद मरांडी, बाबूराम मांझी, बिनिराम मुर्मू, निर्मल मुर्मू, और दुर्गा हांसदा ने विशेष सहयोग किया। सर्वेश्वरी समूह की ओर से राधेश्याम सिंह, रंजीत सिंह, आशुतोष कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, पवन कुमार, रोहित सिंह, अनुराग सिंह, सौरभ राज, दक्ष कुमार, गंगाधर नाथ शाहदेव, प्रताप आदित्य, गिरेंद्र, और रुद्रदीप सहित लगभग 30 श्रद्धालु और सदस्य शामिल हुए, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# भारी भरकम ट्रैफिक जुर्माना लगा कर जनता का शोषण कर रही हेमंत सरकारःबाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राजधानी रांची की ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय केवल जुर्माना वसूलने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। मामूली गलतियों पर भी भारी-भरकम जुर्माना लगाकर जनता का शोषण किया जा रहा है। कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों को नजरअंदाज कर सिर्फ जुर्माने की वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है। कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है लेकिन जब तक सड़कों की दशा नहीं सुधरेगी, ट्रैफिक सिग्नल सही नहीं होंगे और लोगों को जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक सिर्फ जुर्माना वसूलने से समस्या हल नहीं होगी। कहा कि, इस मुद्दे पर बेहद संवेदनशीलता की जरूरत है। आमजनों पर लगाए गए भारी भरकम जुर्माने पर राज्य सरकार पुनर्विचार करें और रांची की सड़कों पर मची लूट को रोककर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# सुचना सह आमंत्रण

मान्यवर ,

आप सभी सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार व छायाकार इलेक्ट्रॉनिक मिडिया के पत्रकार व छायाकार बंधूओं को सूचित करना है कि देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह के द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर जी के विरुद्ध दिए गए विवादित टिप्पणी के विरुद्ध में गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफा की मांग को लेकर एवं लोक सभा के माननीय नेता प्रतिपक्ष आदरणीय श्री राहुल गांधी जी के विरुद्ध फर्जी एफ. आई. आर. दर्ज करने के खिलाफ कल दिनांक 23/12/2024 को अपराह्न 03 : 30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम हजारीबाग में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसको झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री राजीव रंजन प्रसाद जी संबोधित करेंगे ।

अतः आप सभी सम्मानित पत्रकार व छायाकार बंधुओ से आग्रह है उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में समयानुसार समाचार संकलन हेतू आप सादर आमंत्रित है।

सधन्यवाद ,निसार खान
जिला प्रवक्ता

# टॉप-10 कंपनियों की मार्केट वैल्यू 4.95 लाख करोड़ घटीः TCS टॉप लूजर रही




**नई दिल्ली** पिछले हफ्ते के कारोबार में देश की टॉप-10 कंपनियों का कंबाइन मार्केट कैपिटलाइजेशन 4.95 लाख करोड़ रुपए घटा है। इनमें TCS को पिछले हफ्ते सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इसका मार्केट कैप 1.10 लाख करोड़ घटकर 15.08 लाख करोड़ रह गया।

वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 91 हजार करोड़ घटकर 16.32 लाख करोड़ रह गया। HDFC बैंक का मार्केट कैप 76 हजार करोड़ घटकर 13.54 लाख करोड़ पर आ गया है। भारती एयरटेल का मार्केट कैप 59 हजार करोड़ घटकर 8.98 लाख करोड़ रह गया। इसके अलावा SBI, ICICI बैंक, इंफोसिस, LIC, HUL और ITC की मार्केट वैल्यू भी घटी है। टॉप-10 कंपनियों की मार्केट वैल्यू 4.95 लाख करोड़ घटी

**मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है**? मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटस नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है। मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां। मार्केट कैप = (आउटस्टैंडिंग शेयरों की संख्या) x (शेयरों की कीमत) मार्केट कैप कैसे काम आता है? किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं कि कंपनी कितनी बड़ी है। कंपनी का मार्केट कैप जितना ज्यादा होता है उसे उतनी ही अच्छी कंपनी माना जाता है। डिमांड और सप्लाई के अनुसार स्टॉक की कीमतें बढ़ती और घटती है। इसलिए मार्केट कैप उस कंपनी की पब्लिक पर्सीवड वैल्यू होती है। **मार्केट कैप कैसे घटता-बढ़ता है**? मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है। यानी अगर शेयर का भाव बढ़ेगा तो मार्केट कैप भी बढ़ेगा और शेयर का भाव घटेगा तो मार्केट कैप भी घटेगा।

# LIC के पास 881 करोड़ रुपए की अनक्लेम्ड मनीःकहीं इसमें आपका पैसा भी तो नहीं, यहां देखें चेक करने की प्रोसेस




भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के पास वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 880.93 करोड़ रुपए की अनक्लेम्ड मैच्योरिटी की रकम थी। सरकारी जानकारी के मुताबिक कुल 372,282 पॉलिसीधारकों ने अपने मैच्योरिटी बेनिफिट को क्लेम नहीं किया है। यानी पॉलिसी मैच्योर होने के 3 साल बाद भी किसी ने उस पर दावा नहीं किया है।

ऐसे में अगर आपको लगता है कि आपके परिवार के किसी व्यक्ति ने LIC की पॉलिसी ली थी, जो मैच्योर हो गई है लेकिन उसका पैसा नहीं मिला है। ऐसे में आप उस पॉलिसी की रकम के लिए क्लेम कर सकते हैं।

**अनक्लेम्ड मैच्योरिटी के बारे में पता करने की प्रोसेस** एलआईसी की वेबसाइट https://licindia.in/home पर जाएं

होमपेज पर ग्राहक सेवा पर क्लिक करें।

इस पर जाकर पॉलिसीधारकों की अनक्लेम्ड रकम का विकल्प चुनें। पॉलिसी नंबर, नाम, जन्म तिथि और पैन कार्ड नंबर जैसे आवश्यक विवरण दर्ज करें। इसके बाद आपको अनक्लेम्ड मैच्योरिटी वाली पॉलिसी की जानकारी मिल जाएगी। नियमों के मुताबिक जिन पॉलिसी की मैच्योरिटी की रकम पर किसी ने क्लेम नहीं किया है उसे अनक्लेम्ड खाते में डाल दिया जाता है। रकम 10 साल तक अनक्लेम्ड रहती है तो उसे वरिष्ठ नागरिक कल्याण फंड में डाल दिया जाता है। यह पैसा बुजुर्गों की देखभाल में खर्च किया जाता हैं।

**अनक्लेम्ड जमाराशि का दावा कैसे करें**? किसी भी एलआईसी दफ्तर से क्लेम फॉर्म प्राप्त करें या आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड करें। फॉर्म भरने के बाद पॉलिसी दस्तावेज, प्रीमियम रसीदें और यदि लागू हो तो मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें। पूरा भरा हुआ फॉर्म दस्तावेजों के साथ LIC दफ्तर में जमा करें। LIC आपके दावे की समीक्षा करेगी और स्वीकृत होने पर, वह आपकी अनक्लेम्ड रकम राशि जारी कर देगी।

**25 करोड़ से ज्यादा लोगों के पास LIC की पॉलिसी** 1956 तक भारत में 154 भारतीय इंश्योरेंस कंपनियां, 16 विदेशी कंपनियां और 75 प्रोविडेंट कंपनियां काम करती थीं। 1 सितंबर 1956 को सरकार ने इन सभी 245 कंपनियों का राष्ट्रीयकरण करके भारतीय जीवन बीमा निगम, यानी LIC, की शुरुआत की। अभी 25 करोड़ से ज्यादा लोगों के पास LIC की पॉलिसी है।

# पॉपकॉर्न पर 3 तरह की जीएसटी के बाद सोशल मीडिया पर हलचल

**जीएसटी की नई दरों में सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। यूजर्स तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक ने लिखा है कि अब पीने के पानी पर भी जीएसटी देना होगा। वैसे बता दें कि पीने के पानी पर अभी भी जीएसटी देना होता है। हालांकि वह पानी सामान्य पानी के मुकाबले अलग होता है।**

**नई दिल्लीः** जीएसटी काउंसिल की शनिवार को मीटिंग हुई। इसमें कई चीजों पर जीएसटी लगाया गया तो कई पर कम किया गया। वहीं सबसे ज्यादा चर्चा में पॉपकॉर्न रहा। जीएसटी काउंसिल ने कहा कि पॉपकॉर्न पर तीन तरह का जीएसटी (Popcorn GST) लगेगा। जीएसटी काउंसिल की इस घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर न केवल मीम्स की बाढ़ आ गई, बल्कि एक नई बहस भी छिड़ गई। यूजर्स मीम्स के जरिए सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाने लगे। एक यूजर ने कहा कि हो सकता है कि सरकार आने वाले समय में पीने के पानी पर भी जीएसटी लगा दे। वैसे बता दें कि सरकार पीने के पानी पर अभी भी जीएसटी लेती है। हालांकि वह पानी काफी महंगे होते हैं। **पॉपकॉर्न पर क्या आया फैसला**? जीएसटी काउंसिल में निर्णय लिया गया कि पॉपकॉर्न पर तीन तरह से टैक्स यानी जीएसटी लिया जाएगा। नमक और मसालों के साथ रेडी-टू-ईट पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी जीएसटी शामिल है। इसमें शर्त है कि इसे पहले से पैक न किया गया हो। वहीं पहले से पैक और लेबल वाले पॉपकॉर्न पर 12 फीसदी जीएसटी लगेगा। इसके अलावा कैरेमलाइज्ड पॉपकॉर्न (ऐसे पॉपकॉर्न जिनमें चीनी मिलाई जाती है) पर 18 फीसदी टैक्स लगेगा। **पानी का मामला क्यों उठा**? दरअसल, पॉपकॉर्न पर जीएसटी के बाद एक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट की थी। सागर नाम के शख्स ने अपने एक्स अकाउंट @sagarcasm पर लिखा था, 'क्या अब पाने के पानी पर भी जीएसटी लगेगा- अगर आप घूंट-घूंट पानी पीते हैं तो 5%, अगर गट-गट करके पीते हैं तो 12% और अगर पानी गिरा देते हैं तो 18% जीएसटी देना होगा।' ऐसा नहीं है कि सरकार पानी पर जीएसटी नहीं लेती। ऐसे पैक्ड पानी जो हाई मिनरल और दूसरी चीजों से भरपूर होते हैं, उन पर सरकार जीएसटी लेती है। इस तरह के महंगे पानी को विराट कोहली, नीता अंबानी, मलाइका अरोड़ा और दूसरे बड़े-बड़े सेलिब्रिटी पीते हैं। इसमें सबसे ज्यादा बिकने वाला 'ब्लैक वाटर', 'स्पार्कलिंग वाटर' आदि है। ब्लैक वाटर को अल्कलाइन वाटर भी कहते हैं। ब्लैक वाटर की एक लीटर की बोतल की कीमत 200 से 3000 रुपये के बीच होती है। स्पार्कलिंग वाटर की कीमत 1200 से 5000 रुपये प्रति लीटर तक हो सकती है।

# GST काउंसिल की 55वीं मीटिंग जैसलमेर में





**जैसलमेर** GST काउंसिल की 55वीं मीटिंग 21 दिसंबर (शनिवार) को जैसलमेर में हुई। मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि ऑटो कंपनी और डीलर से सेकंड हैंड इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर 18% GST लगेगा। फोर्टिफाइड राइस कर्नेल्स (FRK) पर GST दरें 18% से घटाकर 5% की गईं। जीन थेरेपी पर कोई GST नहीं लगेगा। 2,000 रुपए के कम के पेमेंट वाले पेमेंट एग्रीगेटर्स पर GST नहीं लगेगा। किसानों द्वारा सप्लाई की गई काली मिर्च और किशमिश पर भी GST नहीं लगाया जाएगा। लॉन्ग रेंज सरफेस मिसाइल के सिस्टम और सब-सिस्टम पर GST छूट की समयसीमा बढ़ा दी गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर लगने वाले GST को घटाने को लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। इस पर ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (GoM) को और काम करना है। ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप से फूड डिलीवरी पर कितना जीएसटी लगाया जाएगा, इसे लेकर भी कोई फैसला नहीं हुआ है।

**जीएसटी काउंसिल से निर्मला सीतारमण की बड़ी बातें...**

1. पॉपकॉर्न पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया पॉपकॉर्न पर अभी कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। हालांकि, पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने के मुद्दे पर वित्त मंत्री ने कहा कि इस पर सोशल मीडिया पर भी चर्चा हुई है। ऐसे कई राज्य हैं, जहां नमकीन पॉपकॉर्न बेचा जाता है। ऐसे भी पॉपकॉर्न हैं, जिसमें चीनी मिलाई जाती (कैरेमल पॉपकॉर्न) है। पॉपकॉर्न में चीनी होने पर उसे कंफेक्शनरी में शामिल किया जाता है, इसलिए इसपर 18% GST लगाया जाएगा।

**2. डीलर से सेकंड हैंड EV खरीदने पर 18% GST लगेगा** पुरानी EV की बिक्री पर GST बढ़ने की अफवाह को भी वित्त मंत्री ने नकारा और बताया कि अगर कोई एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को EV कार बेचता है तो उस पर कोई GST नहीं लगेगा। हालांकि, अगर कोई कार डीलर अगर EV खरीदकर उसमें वैल्यू ऐड करता है और उसे बेचता है तो उसके मार्जिन वैल्यू पर 18% GST लगेगा। नई EV की खरीदारी पर पहले की ही तरह 5% GST लगता रहेगा। जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

3. पेट्रोल-डीजल को GST के दायरे में लाने के विरोध में सभी राज्य पेट्रोल डीजल को GST के दायरे में लाने को लेकर भास्कर के सवाल पर वित्त मंत्री ने कहा कि ATF की तरह पेट्रोल-डीजल को GST के दायरे में लाने का सभी राज्य विरोध कर रहे हैं। आज भी एयर फ्यूल को जीएसटी में लाने का विरोध किया गया। सभी राज्य इसे अपने टैक्स के दायरे में रखने के पक्ष में थे। इसी तरह सभी राज्य पेट्रोल-डीजल पर भी खुद ही टैक्स चाहते हैं, वह इसे जीएसटी के दायरे में लाने के विरोध में हैं। **जीएसटी काउंसिल के अन्य फैसले** 1. इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के इंस्पेक्शन में काम आने वाले उपकरणों को आईजीएसटी से मुक्त किया है। बैंकों और NBFC के पीनल चार्ज, लेट पेमेंट फीस पर GST नहीं लगेगा।

2. एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) को GST के दायरे में लाने का राज्यों ने विरोध किया है, इसलिए उसे शामिल नहीं किया गया। छोटी कंपनियों को रजिस्ट्रेशन में दिक्कतें आती हैं। छोटी कंपनियों के लिए न्यू रजिस्ट्रेशन सिस्टम लाने के लिए एक कॉन्सेप्ट नोट लाए हैं। इससे छोटी कंपनियों को रजिस्ट्रेशन में आसानी होगी।

3. नेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल के ट्रेनिंग पार्टनर्स को जीएसटी से छूट, इस पर अधिसूचना जारी होगी तब लागू होगा।

4. छोटे बिजनेसमैन अगर परिसर का हिस्सा किराए पर लेते हैं और वह अनरजिस्टर्ड हैं तो उन पर जीएसटी लागू नहीं होगा।

बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ गोवा, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, मेघालय और ओडिशा के मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री, आर्थिक मामलों और व्यय विभागों के सचिव और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ गोवा, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, मेघालय और ओडिशा के मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री, आर्थिक मामलों और व्यय विभागों के सचिव और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

**क्या होता है फोर्टिफाइड राइस कर्नेल्स** ? यह खास तरह का चावल होता है, जिसमें कई तरह के पोषक तत्व मिलाए जाते हैं। इसमें वो विटामिंस और मिनिरल्स मिलाए जाते हैं जो आमतौर पर चावलों में नहीं पाया जाता या प्रोसेसिंग के दौरान खत्म हो जाते हैं। इस तरह के चावल को तैयार करने का मकसद है, चावल के जरिए शरीर में पोषक तत्व पहुंच सकें।

**GST काउंसिल की 54वीं मीटिंग 9 सितंबर को हुई थी** इससे पहले GST काउंसिल की 54वीं मीटिंग 9 सितंबर को हुई थी, इसमें हेल्थ, एजुकेशन और फूडिंग सेक्टर से जुड़े कुछ अहम फैसले हुए थे। कैंसर की दवाओं पर GST 12% से घटाकर 5% कर दिया गया। नमकीन पर 18% की जगह 12% GST लगेगा। इसके अलावा अब केंद्र और राज्य से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटीज और रिसर्च सेंटर को ग्रांट लेने पर GST नहीं चुकाना होगा। **GST काउंसिल की 54वीं मीटिंग के बड़े फैसले** कैंसर की दवा पर 12% की जगह अब 5% GST लगेगा। नमकीन पर GST 18% से घटाकर 12% किया गया। कंपनसेशन सेस 2026 तक वसूलने पर सहमति बनी। कार और मोटरसाइकिल सीट पर GST 18% से बढ़ाकर 28% किया गया। लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर 18% GST में कटौती पर GoM बनाया गया।

# 28 दिसंबर को अमेजन फाउंडर जेफ बेजोस की दूसरी शादीःकोलोराडो में सेलिब्रेशन, 2023 में बेजोस ने लॉरेन सांचेज़ से सगाई की थी









**वॉशिंगटन** अमेजन के फाउंडर और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी जेफ बेजोस (60) और उनकी गर्लफ्रेंड लॉरेन सांचेज (55) शादी कर रहे हैं। ये शादी कोलोराडो के एस्पेन में 28 दिसंबर को होगी। इस पर करीब 600 मिलियन डॉलर (करीब 5000 करोड़ रुपए) खर्च होंगे। डेलीमेल.कॉम ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि इस शादी के लिए केविन कॉस्टनर के 160 एकड़ के रेंच को वैन्यू के तौर पर चुना गया है। वहीं शादी से पहले का सेलिब्रेशन पॉश सुशी रेस्तरां मात्सुहिसा में होगा। इसे 26 और 27 दिसंबर के लिए रिजर्व कराया गया है। शादी में शामिल होने के लिए गेस्ट क्रिसमस डे के बाद फाइव स्टार होटल सेंट रेजिस सहित एस्पेन के टॉप अकॉमडेशंस में पहुंचने वाले हैं। बेजोस ने अपने मेहमानों के लिए शहर के आसपास प्राइवेट मेंशन भी बुक किए हैं। बेजोस और उनकी मंगेतर ने 26-27 दिसंबर के लिए कोलोराडो स्की टाउन में सुशी रेस्तरां मात्सुहिसा रिजर्व किया है।

मात्सुहिसा सुशी रेस्तरां है जिसकी 180 गेस्ट की मैक्सिमम सीटिंग हैं। बेजोस और सांचेज़ को कैलिफोर्निया के मालिबू में इसके सिस्टर रेस्तरां, नोबू में पहले देखा गया था।

मात्सुहिसा सुशी रेस्तरां है जिसकी 180 गेस्ट की मैक्सिमम सीटिंग हैं। बेजोस और सांचेज़ को कैलिफोर्निया के मालिबू में इसके सिस्टर रेस्तरां, नोबू में पहले देखा गया था। **बिल गेट्स, लियोनार्डो डिकैप्रियो जैसे गेस्ट के शामिल होने की उम्मीद** शादी में बेजोस और संचेज के करीबी मित्र और परिवार शामिल होंगे। उनकी अगस्त 2023 में इटली में हुई सगाई पार्टी में बिल गेट्स, लियोनार्डो डिकैप्रियो, और क्रिस जेनर जैसे गेस्ट पहुंचे थे। इस इवेंट में भी ये गेस्ट के तौर पर शामिल हो सकते हैं। बेजोस ने अपने नए सुपरयॉट पर एंगेजमेंट का प्रपोजल दिया था। उन्होंने सांचेज को हार्ट शेप्ड अंगूठी दी थी। इस अंगूठी में 20 कैरेट का हीरा जड़ा है। लॉरेन ब्रॉडकास्ट जर्नलिस्ट रह चुकी हैं। वो हेलिकाप्टर पायलट और ब्लैक ऑप्स एविएशन की फाउंडर भी हैं। **2019 में लॉरेन ने दिया था पैट्रिक व्हाइटसेल को तलाक**

बेजोस के साथ रिलेशनशिप में आने से पहले 2005 में लॉरेन ने हॉलीवुड एजेंट पैट्रिक व्हाइटसेल से शादी की थी। 13 साल बाद 2019 में उन्होंने पैट्रिक को तलाक दे दिया था। पैट्रिक के साथ उनके दो बच्चे हैं। बेटे का नाम इवान और एक बेटी एला है। **बेजोस ने 25 साल बाद मैकेंजी स्कॉट को दिया था तलाक** बेजोस ने भी 2019 में ही उनकी पत्नी मैकेंजी स्कॉट को तलाक दिया था। दोनों की शादी तलाक से 25 साल पहले 1994 में हुई थी। बेजोस के तीन बेटे और एक अडॉप्टेड बेटी है। मैकेंजी भी दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में से एक है। साइंस टीचर डैन ज्वेट से उन्होंने शादी की है।

**अमेजन के फाउंडर का नेटवर्थ 20.26 लाख करोड़ रुपए** जेफ बेजोस की नेट वर्थ 20.26 लाख करोड़ रुपए है। दुनिया के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी बेजोस अमेजन के फाउंडर और सीईओ हैं। वह न्यूज मीडिया हाउस द वाशिंगटन पोस्ट के मालिक और ब्लू ओरिजिन नाम के एक सब-ऑर्बिटल स्पेसफ्लाइट सेवा के फाउंडर भी हैं।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# अमेरिकी नौसेना ने अपने ही फाइटर जेट पर मिसाइल दागी:यमन पर एयरस्ट्राइक के दौरान हादसा



**वॉशिंगटन** फुटेज यमन पर एयरस्ट्राइक करने जा रहे अमेरिकी विमानों की है। अमेरिकी नौसेना ने रविवार को लाल सागर में अपने ही एक फाइटर जेट को मिसाइल दागकर मार गिराया है। ये घटना यमन में हूती विद्रोहियों पर एयरस्ट्राइक के दौरान हुई। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बच गए हैं। इनमें से एक पायलट को मामूली चोटें आई हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि ये घटना गलती से हुई है। हादसे में F/A-18 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इस विमान ने USS हैरी एस. ट्रूमन एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के बाद USS गेटिसबर्ग मिसाइल क्रूजर ने गलती से विमान पर हमला कर दिया। USS गेटिसबर्ग अमेरिका का एक गाइडेड मिसाइल क्रूजर है, जो दुश्मनों के विमानों और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराता है। **यमन में हूतियों के ठिकानों को निशाना बनाया** अमेरिकी सेना ने शनिवार देर रात यमन की राजधानी सना में एयरस्ट्राइक कर विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों में हूती विद्रोहियों के मिसाइल स्टोरेज सेंटर और कमांड सेंटर को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के मुताबिक उसने ये एयरस्ट्राइक दक्षिणी लाल सागर, बाब अल-मन्देब और अदन की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोतों और कार्गो शिप हूती विद्रोहियों के हमलों को रोकने के लिए की है। सेना ने बताया कि उसने हूती विद्रहियों के कई ड्रोन और एक क्रूज मिसाइल को भी मार गिराया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने पिछले कुछ महीनों में यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले तेज किए हैं। अमेरिकी सेना ने बताया था कि एयरक्राफ्ट कैरियर ट्रूमैन 15 दिसंबर को मिडिल-ईस्ट में पहुंच गया है। हालांकि तब ये साफ नहीं किया गया था कि उसे लाल सागर में तैनात किया गया है। इसके बाद से अमेरिकी हमलों में तेजी आई है। **अक्टूबर में B2 बॉम्बर से हमला किया था।** अमेरिकी एयरफोर्स ने 17 अक्टूबर को यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की थी। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बताया था कि एयरफोर्स ने B-2 स्टील्थ बॉम्बर से यमन की राजधानी सना के नजदीक 5 ठिकानों को निशाना बनाया। ऑस्टिन के मुताबिक इस हमले के लिए राष्ट्रपति बाइडेन ने निर्देश दिए थे। ये हमले हूती विद्रोहियों के हथियारों को नष्ट करने के मकसद किए गए थे। हूती विद्रोहियों ने भी हमले की पुष्टि की थी। हालांकि इसमें कितना नुकसान हुआ है इस बारे में उन्होंने जानकारी नहीं दी। हूती के डिप्टी हेड नसरुद्दीन आमेर ने कहा था कि अमेरिका को इसकी कीमत चुकानी होगी। अमेरिका ने हमला करने से एक महीने पहले ही में हिंद महासागर में मौजूद सीक्रेट मिलिट्री बेस डिएगो गार्सिया पर B-2 स्टील्थ बॉम्बर की तैनाती की थी।

# ब्राजील में बस और ट्रक की टक्कर, 38 की मौत:13 घायल; एक कार भी बस से टकराई, लेकिन उसके 3 पैसेंजर बचे



ट्रक से टकराने के बाद बस एक कार के ऊपर जा गिरी। हालांकि, कार में मौजूद 3 यात्री सुरक्षित हैं। ब्राजील में बस और ट्रक के टक्कर में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा मिनस गेरैस के तेओफिलो ओटोनी शहर के पास हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 13 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बस साओ पाउलो से रवाना हुई थी और इसमें 45 यात्री सवार थे। एक कार भी इस हादसे में बस से टकराई, लेकिन उसमें सवार तीन लोग सुरक्षित बच गए।

**हादसे की वजहः बस का टायर फटा** आसपास के लोगों ने बताया कि बस का टायर फटने से ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया और बस ट्रक से जा टकराई। वहीं, कुछ लोगों ने कहा कि एक बड़ा पत्थर (ग्रेनाइट ब्लॉक) बस से टकराया था। हादसे के सही कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने कहा कि यह हादसा क्रिसमस से ठीक पहले हुआ, जो बेहद दुखद है। हम पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। ब्राजील में सड़क हादसे में इस साल 10 हजार लोगों की जान गई ब्राजील के परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, साल 2024 में अब तक सड़क हादसों में 10,000 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सितंबर में ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ियों की एक बस पलटने से तीन लोगों की मौत हुई थी। उस बस में सवार कोरिटिबा क्रोकोडाइल्स टीम रियो डी जेनेरो में होने वाले चैंपियनशिप मैच में भाग लेने जा रही थी। हादसे के बाद यह मैच रद्द कर दिया गया था।

# बांग्लादेश में 2 दिन में 3 हिंदू मंदिर पर हमला:कई मूर्तियां खंडित; बांग्लादेश में इस साल अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के 2200 मामले




**ढाका** बांग्लादेश में पिछले कुछ वक्त से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते दो दिन शुक्रवार और गुरुवार को भी बांग्लादेश में तीन मंदिरों को निशाना बनाया गया। हमलावरों ने इन मंदिरों पर हमला कर कई मूर्तियों को खंडित कर दिया। बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में हलुआघाट पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने शुक्रवार सुबह शाकुई संघ में बोंडेरपारा मंदिरों पर हमला कर दो मूर्तियों को खंडित कर दिया। इस घटना में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है और न ही किसी की गिरफ्तारी हुई है।

वहीं गुरुवार सुबह हलुआघाट में ही पोलाशकंडा काली मंदिर में पर हमला कर मूर्ति को खंडित कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में 27 साल के एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। बता दें कि भारत सरकार के अनुसार इस साल 8 दिसंबर तक बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के 2200 से ज्यादा मामले रिपोर्ट किए गए हैं। मंगलवार को बीरगंज में काली मंदिर पर हमला

इससे पहले बीरगंज में मंगलवार को झारबारी शासन काली मंदिर में 5 मूर्तियों को खंडित किया गया था। इस घटना पर मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन रॉय ने कहा था कि हमने पहले कभी ऐसी कोई घटना नहीं देखी थी। बांग्लादेश में दो हफ्ते पहले कट्टरपंथियों ने ढाका में इस्कॉन नमहट्टा सेंटर को जला दिया था हमले में श्री श्री लक्ष्मी नारायण देवता की मूर्तियों समेत मंदिर का सामान पूरी तरह से जल गया था।

बांग्लादेश में दो हफ्ते पहले कट्टरपंथियों ने ढाका में इस्कॉन नमहट्टा सेंटर को जला दिया था हमले में श्री श्री लक्ष्मी नारायण देवता की मूर्तियों समेत मंदिर का सामान पूरी तरह से जल गया था।

**बांग्लादेश में इस साल तक हिंदुओं के खिलाफ 2200 हमले** भारतीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में बताया कि इस साल 8 दिसंबर तक बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के 2,200 मामले सामने आए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इन मामलों को बांग्लादेश सरकार के सामने उठाया है। कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि ढाका में भारतीय हाई कमीशन हालात पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा- भारत को उम्मीद है कि बांग्लादेश सरकार हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। 9 दिसंबर, 2024 को विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बांग्लादेश यात्रा के दौरान भी यही बात दोहराई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तान में इस साल अक्टूबर तक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के 112 मामले रिपोर्ट किए गए हैं। बांग्लादेश में लगातार बढ़ रहे हिंदुओं पर हमले बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना सरकार गिरने के बाद से भारत विरोधी भावनाओं को बल मिला है। इसके अलावा अल्पसंख्यकों से जुड़े धार्मिक स्थलों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू नेताओं को धमकियां मिल रही हैं। इस्कॉन से जुड़े धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास देशद्रोह के आरोप में 25 नवंबर से पुलिस हिरासत में हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को फासीवादी बता चुकी हैं।

# पाकिस्तानी सैन्य पोस्ट पर आतंकी हमला, 16 सैनिकों की मौत:2 घंटे जारी रहा अटैक, मशीन गन लूटी, आतंकी बोले-साथियों की शहादत का बदला लिया



**कराची** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार तड़के आतंकवादियों ने सेना की पोस्ट पर हमला किया। इसमें 16 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि 5 घायल हैं। घटना अफगानिस्तान बॉर्डर से 40 किमी दूर माकिन में हुई है।

न्यूज एजेंसी एएफपी ने सेना के अधिकारी के हवाले से बताया कि 30 से ज्यादा आतंकवादियों ने सेना के पोस्ट पर करीब 2 घंटे तक हमला किया। इस दौरान आतंकवादियों ने चौकी पर मौजूद वायरलेस उपकरण, दस्तावेज समेत कई चीजों में आग लगा दी। इसके बाद सभी मौके से फरार हो गए।

हमले के बाद से इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के पास आतंकवादियों की तलाश जारी है। इस घटना की जिम्मेदारी तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान यानी TTP के आतंकियों ने ली है।

**कई अहम हथियार लूटकर आतंकी फरार** आतंकवादियों ने सैन्य चौकी पर किए हमले को अपने सीनियर कमांडरों की शहादत का बदला बताया। रिपोर्ट के मुताबिक हमले के दौरान आतंकवादियों ने मशीन गन, नाइट विजन तकनीक सहित कई जरूरी सैन्य उपकरण लूट लिए। हाल ही में 18 दिसंबर को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी सेना ने तीन अलग-अलग कार्रवाई की थी जिसमें 11 आतंकवादियों को मारने का दावा किया था। उससे पहले 25 अक्टूबर को डेरा इस्माइल खान इलाके में TTP आतंकियों ने हमला किया था। जिसमें 10 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी और 8 घायल हो गए थे। यह इलाका अफगानिस्तान बॉर्डर से करीब 70 किमी दूर है। इसी साल सितंबर में पाकिस्तान के प्रतिनिधि मुनीर अकरम ने यूनाइटेड नेशन में कहा था कि TTP दुनिया भर में आतंकी समूहों को तेजी से बढ़ा रहा है। वह आने वाले समय में अल कायदा के साथ मिलकर वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे सकता है। टीटीपी का मकसद पाकिस्तान में इस्लामी शासन लाना है। सेना पर हमला करने वाले 25 आरोपियों को सजा इस घटना के अलावा पिछले साल मई में इमरान खान की गिरफ्तारी पर पाकिस्तानी सेना पर हमले के मामले में 25 आरोपियों को 2 से 10 साल की सजा सुनाई गई है। ये जानकारी आज पाकिस्तानी सेना की ओर से दी गई है। उन्होंने कानून हाथ में लेने वालों को कठोर सजा की चेतावनी दी है। क्या है TTP ?

साल 2007 में कई सारे आतंकी गुट मिलकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान बनाया। TTP को पाकिस्तान तालिबान भी कहते हैं। पाकिस्तानी सरकार ने अगस्त 2008 में TTP को बैन कर दिया था। अक्टूबर 2001 में अमेरिकी सेना ने जब अफगानिस्तान की सत्ता से तालिबान को बेदखल किया तो कई आतंकी भागकर पाकिस्तान में बस गए थे। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने इन आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान पाकिस्तान की सेना इस्लामाबाद की लाल मस्जिद को एक कट्टरपंथी प्रचारक आतंकी के कब्जे से मुक्त कराया। इस घटना के बाद स्वात घाटी में पाकिस्तानी आर्मी की खिलाफत होने लगी। इससे कबाइली इलाकों में कई विद्रोही गुट पनपने लगे। इसके बाद दिसंबर 2007 को बेतुल्लाह मेहसूद की अगुआई में 13 गुटों ने एक तहरीक यानी अभियान में शामिल होने का फैसला किया। संगठन का नाम तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान रखा गया।

# मुंबई में युवक ने 4 साल के बच्चे को क्रेटा से रौंदा, फुटपाथ के पास चल रहा था




मुंबई में एक 19 साल के क्रेटा चला रहे युवक ने 4 साल के बच्चे को रौंद दिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना शनिवार शाम की है। पुलिस ने रविवार को बताया कि बच्चा मुंबई के वडाला इलाके में अपने पिता के साथ फुटपाथ पर ही रहता था। उसके पिता मजदूर हैं। बच्चा शनिवार शाम को फुटपाथ के पास ही घूम रहा था। इसी दौरान क्रेटा चला रहे एक युवक ने उसे टक्कर मारी। बच्चे की मौके पर मौत हो गई। आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है।

**असम में बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई, अब तक 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि राज्य में बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 335 मामले दर्ज किए हैं। गिरफ्तार लोगों को रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने X पर लिखा, "असम बाल विवाह के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखे हुए है। 21-22 दिसंबर की रात को शुरू किए गए तीसरे चरण के अभियान में 416 गिरफ्तारियां की गईं और 335 मामले दर्ज किए गए। हम इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए साहसिक कदम उठाते रहेंगे।" असम सरकार ने 2023 में फरवरी और अक्टूबर में दो चरणों में बाल विवाह के खिलाफ अभियान शुरू किया था। फरवरी में पहले चरण में 3,483 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 4,515 मामले दर्ज किए गए, जबकि अक्टूबर में दूसरे चरण में 915 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 710 मामले दर्ज किए गए। जम्मू-कश्मीर के सोपोर में आतंकियों के 2 मददगार को शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार सुबह बताया कि यारबुघ इलाके में गाड़ियों की चेकिंग के दौरान दोनों आरोपियों का पकड़ा गया है। इनके पास से एक पिस्तौल 9 mm की 5 राउंड गोलियां, 2 ग्रेनेड भी बरामद किए गए हैं।

# फिलहाल रिलेशनशिप्स पर नहीं करियर पर फोकस करना चाहती हैं पवित्रा पुनिया





सलमान खान का शो 'बिग बॉस 14' में कई चर्चित जोड़ियां रहीं। हर सीजन की तरह ही इसमें कई जोड़ियां बनीं और बिगड़ीं। इसी में एक पवित्रा पुनिया और एजाज खान की जोड़ी भी रही। शो खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक इनका रिश्ता चला। यहां तक कि शादी की चर्चा भी रही। तैयारियां भी लगभग चल ही रही थीं। लेकिन, इसी बीच इनके ब्रेकअप की खबरें भी मीडिया में आने लगीं। इसके बाद अब एक्ट्रेस ने अपने टूटे रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, ब्रेकअप की खबरों के बीच पवित्रा पुनिया ने मीडिया खास बातचीत की है और इस दौरान उन्होंने अपनी रिलेशनशिप और शादी को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो फिलहाल रिलेशनशिप्स और शादी पर फोकस नहीं करना चाहती हैं। वो अपने परिवार का ध्यान रखना चाहती हैं। करियर पर फोकस करना उनका मकसद है। इंटरव्यू में पवित्रा ने कहा कि वो चाहती हैं कि लोग उन्बें और एजाज को प्राइवेसी दें। उनका मानना है कि वो और एजाज जो भी कर रहे हैं उसमें फैंस उन्हें सपोर्ट करें। शांति बनाए रखें। पवित्रा पुनिया का मानना है कि जो भी होता है वो किसी वजह से होता है। अभी वो अपने करियर पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पिता को खोया है, जिसे वो उनका सबसे बड़े सपोर्ट मानती थीं। एक्ट्रेस कहती हैं कि एक मां ममता होती है और बाप दीवार। ममता से पेट नहीं पलता और दीवार से सिक्योरिटी, प्रोटेक्शन सब है। उनका एक बड़ा भाई भी है। पवित्रा का मानना है कि उनका भाई भी उन्हें मां के समान मानता है। वो उन्हें बच्चे की तरह मानती हैं। अभी वो ही परिवार में जिम्मेदार हैं। वो कहती हैं कि उनके परिवार के लिए जो जरूरी है वो कर रही हैं। एक्ट्रेस ने आशा जताई कि लोग उनकी बात को समझेंगे। इसके अलावा पवित्रा पुनिया ने शादी को लेकर कहा कि अभी वो अपने परिवार का ख्याल रख रही हैं। ब्रेकअप को लेकर कहा कि उन्होंने अपनी रिलेशनशिप के बारे में कुछ सुना है और ये सच भी हो सकता है। उन्हें नहीं पता। आपको बता दें कि पवित्रा और एजाज को 'बिग बॉस 14' में प्यार हुआ था। दोनों पिछले 3 सालों से लिव इन में रह रहे थे। उनके ब्रेकअप से फैंस को तगड़ा झटका लगा है।



# कटरीना ने संघर्ष के दिनों में मलाइका से प्रेरणा ली

**कटरीना और विजय सेतुपति स्टारर फिल्म मैरी क्रिसमस 12 जनवरी को रिलीज होगी। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कटरीना ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया और कुछ किस्से शेयर किए। कटरीना ने बताया कि मलाइका अरोड़ा ने उन्हें मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनका पहला विज्ञापन थलपति विजय के साथ शूट हुआ था।**

कटरीना ने इंटरव्यू के दौरान कहा- जब मैंने मुंबई आकर अपने करियर की शुरुआत की तब मेरा सपना एक मॉडल बनने का था। मेरी आइडल उस समय की सुपरमॉडल्स- मधु सप्रे और लक्ष्मी मेनन थीं। मलाइका अरोड़ा भी उस दौरान मॉडलिंग की दुनिया में थीं। मुझे इन तीनों का काम बहुत अच्छा लगता था, और मेरे मन में इनके लिए हमेशा रिस्पेक्ट थी। इनके काम से मैंने प्रेरणा जरूर ली है। कटरीना ने आगे बताया कि उन्होंने मुंबई में मौजूद विज्ञापन एजेंसियों की एक लिस्ट बनाई थी और काम पाने की उम्मीद में वह उन सभी एजेंसियों में जाती थीं। कटरीना ने अपने पहले विज्ञापन के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा- मैंने पहला विज्ञापन थलपति विजय के साथ शूट किया था। ये एक सॉफ्ट ड्रिंक का विज्ञापन था जिसमें मैं एक बैलेरीना डांसर की भूमिका निभा रही थी। हालांकि जब मेरे दोस्त ने ये विज्ञापन देखा तो कहने लगा आप उस विज्ञापन में दुनिया की सबसे अनाड़ी बैलेरीना डांसर दिख रही थीं।

## कटरीना और विजय पहली बार साथ काम करेंगे



फिलहाल कटरीना श्रीराम राघवन की फिल्म मैरी क्रिसमस की रिलीज के लिए तैयारी कर रही हैं। क्रिसमस के दौरान फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। ट्रेलर में विजय सेतुपति और कटरीना की मुलाकात क्रिसमस के दिन होती है और फिर वो साथ में सेलिब्रेशन करने का फैसला करते हैं। लेकिन ये रात कटरीना और विजय के लिए काफी भारी पड़ती दिखाई देती है। ट्रेलर में सस्पेंस के साथ-साथ दोनों के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री को भी बेहद शानदार तरीके से दिखाया गया है।

फिल्म में कटरीना और विजय के अलावा संजय कपूर, विनय पाठक, टीनू आनंद जैसे सितारे भी लीड रोल में दिखेंगे। फिल्म 12 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# एक्ट्रेस डेजी शाह ने खोला अपने फिटनेस का राज, सलमान को बताया अपना इंस्पिरेशन



एक्ट्रेस बॉलीवुड में सलमान जैसे स्टार्स के साथ काम करने के बाद अब डिजिटल की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। हमने डेजी से उनके फिटनेस पर बात की, उनके जिम सेशन के दौरान ही हमने उनसे जाना कि खुद को फिट रखने के लिए वो कितना वक्त निकालती हैं, डाइट कैसे मैंटेन करती हैं और फिटनेस के मामले में उनका रोल मॉडल कौन है। डेजी शाह शुरूआती दौर में एक डांसर थीं। बहुत लोग शायद ये नहीं जानते होंगे कि डेजी शुरूआती दौर में एक डांसर थीं और शबीना खान ने उनके टैलेंट को पहचाना था। डेजी ने कोरियोग्राफर शबीना खान से डांसिंग की ट्रेनिंग ली और सालों तक उनके साथ काम भी किया। इसके बाद डेजी असिस्टेंट बन अलग-अलग इवेंट में जाने लगीं और अपने डांसिंग टैलेंट को निखारा। अपनी स्ट्रगलिंग दिनों में डेजी ने कभी डांसिंग को फिटनेस के लिहाज से नहीं देखा। वे सिर्फ घर चलाने के लिए पैसा कमाना चाहती थी। हालांकि, अब डेजी की मानें तो डांसिंग से बेहतर उनके लिए कोई फिटनेस मंत्र नहीं।

## डेजी के फिट बॉडी के पीछे सलमान का हाथ भी है

वैसे, आप तो जानते ही हैं की बॉलीवुड में ऐसे बहुत से कलाकार हैं जिन्हें भाईजान यानी सलमान खान ने फिल्मों में मौका दिया। डेजी शाह भी इन्हीं में से एक हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, डेजी के फिट बॉडी के पीछे भी सलमान खान का हाथ है? जी हां, सलमान के पर्सनल ट्रेनर राकेश उड्डियार पिछले 9 सालों से फिटनेस के मामले में डेज़ी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इतना ही नहीं, सलमान खान भी अपनी जय हो की एक्ट्रेस के वर्कआउट रुटीन पर कभी-कभार नजर रखते हैं।

## 15 साल से फिटनेस का ख्याल रखती आ रही हूं

डेजी कहती हैं, मैं पिछले 15 साल से अपनी फिटनेस का ख्याल रखती आ रही हूं। मैं मिक्स्ड वर्कआउट करना पसंद करती हूं - कभी पिलेट्स तो कभी कार्डियो, कभी EMS (इलेक्ट्रिकल मसल स्टिमुलेशन) तो कभी डांस। इसकी वजह यही हैं की मैं बोर ना हो जाऊं। मैं अपनी बॉडी पर बहुत मेहनत करती हूं। खुद को फिट रखना अब मेरी आदत बन गई है।

## सलमान ने बदली फिटनेस की डेफिनिशन

सलमान खान मेरे मेंटर हैं। वो हमेशा मेरे लिए मौजूद रहते हैं। खुद को लकी मानती हूं कि मेरे लाइफ में सलमान खान हैं, जिन्होंने मुझे रास्ता दिखाया है। सिर्फ करियर में ही नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ में भी। जब से वो मेरी जिंदगी में आए हैं, फिटनेस का डेफिनिशन बिलकुल बदल गया हैं। उन्होंने मुझे फिटनेस की अहमियत बताई। मेरे ट्रेनर, राकेश भी सलमान खान की ही देन हैं। उन्होंने मुझे राकेश से मिलवाया था।

# मैं हमेशा चाहती थी लोग मुझे गंभीरता से लें

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा कि अच्छे काम की तरह कुछ भी काम नहीं करता है। वह चाहती हैं कि एक अभिनेत्री के रूप में उनकी फिल्मों का चयन एक उनके विकास को रिफ्लेक्ट करे। अनन्या ने फिल्ममेकर करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से फिल्मों में अपना डेब्यू किया था। इसी बैनर तले बनी शकुन बत्रा द्वारा निर्देशित गहराइयां में उनके किरदार के लिए उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। अनन्या पांडे के फैंस ने गहराइयां के बाद फिल्मों के चुनाव में उनकी पसंद में काफी बदलाव देखा। अभिनेत्री ने इसे प्राकृतिक प्रगति बताया। जल्द ही वह जोया अख्तर के बैनर तले बनी उनकी आगामी फिल्म खो गए हम कहां में नजर आएंगीं। यह फिल्म 26 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फैंस ने गहराइयां के बाद उनकी पसंद बड़ा बदलाव देखा फिर चाहे वह खो गए हम कहां हो या फिर विक्रमादित्य मोटवाने की उनकी आगामी साइबर-थ्रिलर फिल्म कंट्रोल हो। अभिनेत्री ने कहा, मैं हमेशा से चाहती हूं कि एक अभिनेत्री के रूप में लोग मुझे गंभीरता से लें। ऐसा नहीं है कि गहराइयां के बाद यह पसंद बदल गई है। मैं बड़ी हो रही हूं और अलग-अलग चीजें हैं जिनसे मैं जुड़ रही हूं। 25 वर्षीय अभिनेत्री ने एक बातचीत में कहा, मैं विभिन्न प्रकार की कहानियां करना चाहती हूं। एक व्यक्ति के रूप में मेरे विकास के साथ-साथ मेरी पसंद भी बदल रही है। यह एक तरंग प्रभाव है। अनन्या पांडे ने कहा, मैं सोच-समझकर कोई निर्णय नहीं ले रही हूं। मेरी अपनी इच्छा सूची है और मैं सीक्रेट तरह से यह प्रकट कर रही हूं कि मैं किसके साथ काम करना चाहती हूं। मगर अच्छे काम जैसा कुछ भी काम नहीं करता है। मैं उस पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए आभारी हैं कि बत्रा, अख्तर और मोटवानी जैसे फिल्ममेकर्स ने उनपर भरोसा जताया कि वह उनके साथ काम कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक अभिनेता के निजी जीवन के बारे में फैंस को हमेशा जिज्ञासा रहती है, जो काफी कठिन हो सकता है। अनन्या ने कहा, मैं चीजों को निजी और विशेष रखने में विश्वास रखती हूं। क्योंकि आप किसी भी सामान्य व्यक्ति की तरह रिश्तों से निपट रहे हैं। आप जिस व्यक्ति के साथ हैं, उसके साथ आप इसे महसूस कर रहे हैं। इसलिए कभी-कभी उन चीजों को बाहर सबके सामने रखना अनुचित और थोड़ा व्यक्तिगत लगता है।

# नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई राधिका की फिल्म सजनी शिंदे की वायरल वीडियो



नेटफ्लिक्स ने फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक वायरल वीडियो। कई सवाल। सजिनी शिंदे का कहीं पता नहीं है। क्या जो नजर आता है उससे कहीं ज्यादा कुछ है? यह थ्रिलर फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो केवल नेटफ्लिक्स पर है। अभिनेत्री राधिका मदान की फिल्म सजनी शिंदे की वायरल वीडियो दर्शकों को काफी पसंद आई थी। यह फिल्म 27 अक्तूबर को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। फैंस को इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। तो अब फैंस के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है कि फिल्म सजनी शिंदे की वायरल वीडियो बॉक्स ऑफिस पर अपना दमखम दिखाने के बाद आज ओटीटी पर रिलीज हो गई है।

## नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म

निम्रत कौर और राधिका मदान अभिनीत सस्पेंस थ्रिलर सजनी शिंदे का वायरल वीडियो इस महीने से एक लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। रिलीज के दो महीने बाद आज शुक्रवार, 22 दिसंबर को यह फिल्म लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी आ गई है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम के जरिए दर्शकों को इसकी जानकारी दी है। नेटफ्लिक्स ने फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, एक वायरल वीडियो। कई सवाल। सजिनी शिंदे का कहीं पता नहीं है। क्या जो नजर आता है उससे कहीं ज्यादा कुछ है? यह थ्रिलर फिल्म सजनी शिंदे का वायरल वीडियो केवल नेटफ्लिक्स पर है। सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो में निम्रत कौर और राधिका मदान मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसमें मैंने प्यार किया अभिनेत्री भाग्यश्री, प्रसिद्ध मराठी अभिनेता सुबोध भावे, रश्मी अगड़ेकर, चिन्मय मंडलेकर और सुमीत व्यास भी अहम भूमिकाओं में हैं।

# नेपोटिज्म के तंज की वजह से अनन्या से दोस्ती हुई



अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव स्टारर फिल्म खो गए हम कहां 26 दिसंबर, 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म के डायरेक्टर अर्जुन वरैन सिंह हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सिद्धांत चतुर्वेदी ने बताया कि 2019 में हुए न्यूकमर राउंडटेबल के दौरान उनके और अनन्या के बीच जो हुआ, उसी की वजह से अनन्या से उनकी बातचीत शुरू हुई और फिर दोस्ती हुई। अनन्या ने भी सिद्धांत की बात पर हामी भरी।

## न्यूकमर राउंडटेबल का पूरा किस्सा

साल 2019 में राजीव मसंद ने न्यूकमर्स राउंडटेबल होस्ट किया था, जहां नेपोटिज्म और आउटसाइडर्स पर भी खूब चर्चा हुई थी। इस दौरान अनन्या पांडे और सिद्धांत चतुर्वेदी के बीच का एक कन्वर्सेशन ट्रोलिंग का शिकार हुआ था। जिसमें नेपोटिज्म पर अनन्या पांडे ने अपनी स्ट्रगल जर्नी शेयर करते हुए कहा था कि मेरे पिता चंकी पांडे कभी कॉफी विद करण में नहीं गए और उन्होंने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म नहीं की और मैंने बहुत स्ट्रगल किया है। इस बात पर सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा था- जहां हमारे सपने पूरे होते हैं वहां स्टारकिड्स का स्ट्रगल शुरू होता है। बता दें कि सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे दोनों ने साल 2019 में गली बॉय और स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया था। सिद्धांत एक आउटसाइडर थे जबकि अनन्या एक स्टारकिड हैं।

## अनन्या और सिद्धांत एक दूसरे से पर्सनली और प्रोफेशनली कनेक्टेड हैं

सिद्धांत ने हाल ही में ये खुलासा किया कि 2019 में जो हुआ, उसी की वजह से सिद्धांत और अनन्या के बीच दोस्ती हुई। अनन्या ने भी सिद्धांत की बात में हां में हां मिलाई और कहा- हां, हमारी बातचीत उसी नेपोटिज्म के तंज से शुरू हुई और फिर हम दोस्त बन गए। सिद्धांत मेरा एक ऐसा दोस्त है जिसे मैं कॉल करके बता सकती हूं कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं। अगर मुझे लगता है कि पर्सनली और प्रोफेशनली कुछ ठीक नहीं है, या अगर उसे लगता है कि कुछ दिक्कत है, तो हम एक-दूसरे से शेयर करते हैं। खो गए हम कहां फिल्म तीन दोस्तों की कहानी है। ये तीनों दोस्त- इमाद, अहाना और नील अपने जीवन में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं और अपनी ऑनलाइन पहचान को अपने वास्तविक स्वरूप के साथ बैलेंस करने की कोशिश में लगे रहते हैं।

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट से पहले रोहित के पैर में बॉल लगीः आधे घंटे तक बर्फ से सिकाई करते रहे, आकाश दीप बोले- चोट गंभीर नहीं



**मेलबर्न** बॉक्सिंग-डे टेस्ट से पहले मेलबर्न में प्रैक्टिस सेशन के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बाएं पैर में चोट लग गई। उसके बाद वे बर्फ से सिकाई (आइस पैक) करते नजर आए। उन्होंने नेट पर बल्लेबाजी नहीं की। हालांकि, चोट गंभीर नहीं है। इस पर तेज गेंदबाज आकाश दीप ने कहा कि प्रैक्टिस सेशन में किसी न किसी खिलाड़ी को चोट लगती रहती है। रोहित की चोट गंभीर नहीं है। मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर 26 दिसंबर से बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेला जाएगा। 5 मैचों की सीरीज अभी 1-1 से बराबर है। टीम इंडिया के प्रैक्टिस सेशन के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा। रोहित ने बुमराह की बॉल पर प्रैक्टिस की, कोहली थ्रोडाउन से अभ्यास किया रविवार के ट्रेनिंग सेशन में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नेट्स में कप्तान रोहित शर्मा को गेंदबाजी करते नजर आए। उनके साथ आकाश दीप और हर्षित राणा ने रोहित को गेंदबाजी कराई। एक बॉल खेलकर रोहित शर्मा ने आकाश दीप से भोजपुर में कहा- 'हमें ही मारिएगा।' विराट कोहली एक अन्य नेट में थ्रोडाउनर से प्रैक्टिस करते नजर आए। युवा यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने अपने शॉट्स आजमाए। **एक दिन पहले चोटिल हुए थे केएल राहुल** एक दिन पहले नेट्स प्रैक्टिस के दौरान ओपनर केएल राहुल की कलाई पर बॉल लगी थी। फिर टीम इंडिया के फिजियो ने उनका इलाज किया। एक वीडियो में राहुल को उपचार के दौरान दाहिना हाथ पकड़े देखा गया। राहुल मौजूदा दौरे पर फॉर्म में हैं, उन्होंने छह पारियों में 47 की प्रभावशाली औसत से 235 रन बनाए हैं। दाएं हाथ के इस शानदार बल्लेबाज ने अब तक 2 अर्धशतक लगाए हैं। चौथे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करने के लिए तैयार हैं। प्रैक्टिस सेशन के दौरान केएल राहुल। वे BGT के मौजूदा सीजन में 235 रन बना चुके हैं। प्रैक्टिस सेशन के दौरान केएल राहुल। वे BGT के मौजूदा सीजन में 235 रन बना चुके हैं। --- ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर सुर्खियों में हैं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया मीडिया के बीच हिंदी में जवाब दिए, अंग्रेजी में नहीं। इसके बाद उन्होंने बस पकड़ने की बात कहकर प्रेस कॉन्फ्रेंस जल्दी खत्म कर दी।

# ट्रेविस हेड के 'हेडेक' को खत्म करने का मिल गया तोड़, पूर्व कोच संजय बांगर ने बताया उपाय




**भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 26 दिसंबर से खेला जाएगा। इसके साथ ही टीम इंडिया के लिए एक बड़ी टेंशन ट्रेविस हेड को आउट करने का गेम प्लान मिल गया है। पूर्व कोच संजय बांगर ने बताया कि ट्रेविस हेड को कैसे आउट किया जा सकता है।**

**नई दिल्लीः** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया के खिलाफ कंगारू बल्लेबाज ट्रेविस हेड गेंदबाजों के लिए सिर दर्द बने हुए हैं। प्रचंड फॉर्म में चल रहे ट्रेविस टीम इंडिया के खिलाफ बल्ले से आग उगल रहे हैं। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी को 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू हो बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के लिए ट्रेविस हेड का कोई ना कोई तोड़ निकाला होगा। हालांकि, उससे पहले टीम इंडिया के पूर्व कोचिंग स्टाफ के सदस्य रहे संजय बांगर ने एक उपाय बताया है जिससे कुछ हद तक काम बन सकता है। स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान संजय बांगर ने ट्रेविस हेड को आउट करने का गेम प्लान बताया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है पारी की शुरुआत में राउंड दी विकेट गेंदबाजी करें। गेंद को ट्रेविस हेड से दूर रखना है कम से कम चौथे स्टंप्स पर। पहले 15 से 20 गेंद में हो सकता है कि ट्रेविस हेड गलती कर बैठेगें।'

**संजय बांगर ने बताया प्लान बी** उन्होंने कहा, 'अगर पहली रणनीति से काम नहीं बनता है तो गेंदबाज को ओवर दी विकेट में ऑन साइड पर एक अतिरिक्त फील्डर के साथ बॉलिंग करें। इस दौरान गेंदबाज को बीच-बीच में शॉर्ट बॉल भी करनी होगी। ट्रेविस हेड का बल्ला शॉर्ट बॉल पर चलता ही चलता है। ऐसे में तीन फील्डर को कैचिंग पोजीशन में रखकर गेंदबाजी करने से टीम इंडिया ट्रेविस पर लगाम कस सकती है, लेकिन इस प्लान पर भारतीय टीम को लंबे समय तक काम काम करना होगा।'

# भारत की बेटियों ने बांग्लादेश से लिया बदला, U19 एशिया कप में धमाकेदार जीत के साथ बनी चैंपियन




**अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को हराकर खिताबी जीत हासिल कर ली है। भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 117 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम सिर्फ 76 रन बनाकर सिमट गई जिससे भारत ने मैच को अपने नाम कर लिया।**

**नई दिल्लीः** अंडर-19 महिला एशिया कप 2024 के फाइनल में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 41 रन से हराकर खिताबी जीत हासिल की। टीम इंडिया फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 117 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम सिर्फ 76 रन के स्कोर पर सिमट गई जिससे टीम इंडिया ने खिताब को अपने नाम कर लिया। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने पहली बार महिलाओं के अंडर-19 एशिया कप का आयोजन किया था, जिसमें टीम इंडिया ने बाजी मार ली। टीम इंडिया के लिए इस खिताबी में गेंदबाजों ने खूब कमाल किया। भारत की तरफ से फरजाना एस्मिन ने सबसे ज्यादा 4 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा निशिता ने भी टीम इंडिया के लिए दो बड़े विकेट हासिल किए जबकि हबीबा इस्लाम के खाते में भी एक विकेट आया। इस तरह लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेशी टीम 100 रन के भीतर सिमट गई। बल्लेबाजी में भी टीम इंडिया ने किया कमाल

बांग्लादेश के खिलाफ इस खिताबी भिड़ंत में टीम इंडिया के लिए बल्लेबाजों ने भी खूब कमाल किया। बांग्लादेश की कसी हुई गेंदबाजी के आगे भारत के लिए गोंगाडी तृषा ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। तृषा ने टीम इंडिया के लिए 47 गेंद में 52 रनों का योगदान दिया। अपनी इस पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 सिक्स भी लगाए। हालांकि, तृषा के अलावा टीम इंडिया के लिए और कोई भी बैटर ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक पाई। वहीं निचले क्रम की बल्लेबाजी की बात करें तो टीम इंडिया के लिए मिथिला विनोद ने 17 और कप्तान निक्की प्रसाद ने 12 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा आयुषी शुक्ला ही दहाई के आंकड़े को पार कर पाई। इंग्लैंड के इयान बॉथम पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 1980 में एक टेस्ट में शतक और 10 विकेट लेने का बड़ा रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने यह कारनामा भारत के खिलाफ किया था। उस टेस्ट में बॉथम ने 13 विकेट और पहली पारी में शतक (114 रन) जमाया था। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान भी इस लिस्ट में शामिल हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ फैसलाबाद में 1983 में पहली पारी में शतक (117 रन) जमाया था। वहीं पूरे टेस्ट में कुल 11 विकेट झटके थे। बांग्लादेश के पूर्व ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने 2014 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच में 143 रन (पहली पारी में 137 रन) बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने कुल 10 विकेट अपने नाम किए थे।

# अनमोलप्रीत ने 35 बॉल में सेंचुरी लगाईःलिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने; विजय हजारे ट्रॉफी में किया कारनामा




पंजाब के बल्लेबाज अनमोलप्रीत सिंह ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगा दिया। अनमोलप्रीत लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। अनमोलप्रीत ने पूर्व भारतीय बल्लेबाज यूसुफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2010 में महाराष्ट्र के खिलाफ बड़ौदा के लिए 40 गेंदों में शतक बनाया था। अनमोलप्रीत ने सिर्फ 45 गेंदों पर 12 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 115 रनों की तेज पारी खेली। **पारी का जश्न मनाते अनमोलप्रीत सिंह**। लिस्ट-ए इतिहास की तीसरी सबसे तेज सेंचुरी

अनमोलप्रीत का 35 गेंदों में शतक अब लिस्ट-ए इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक है। वे केवल ऑस्ट्रेलिया के जैक फ्रेजर मैकगर्क (29 बॉल में) और साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स (31 बॉल में) से पीछे हैं।

**पंजाब 9 विकेट से जीता** पंजाब ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 165 रन के टारगेट को केवल 12.5 ओवर में हासिल कर लिया। पंजाब ने अरुणाचल के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। अरुणाचल ने पंजाब को 165 रन का टारगेट दिया। पंजाब ने इसे एक विकेट खोकर हासिल कर लिया।

श्रेयस अय्यर ने कर्नाटक के खिलाफ नाबाद 114 रन बनाए

विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन एक अन्य मैच में मुंबई के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कर्नाटक के खिलाफ नाबाद शतक लगाया। उन्होंने सिर्फ 50 गेंद में अपना शतक पूरा किया। अय्यर ने मुंबई के लिए 55 बॉल पर नाबाद 114 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 10 चौके और 5 छक्के भी लगाए। श्रेयस की पारी के कारण मुंबई ने कर्नाटक के खिलाफ 50 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 382 रन बनाए।

# EPFO फ्रॉड पर उथप्पा बोले- मेरा कोई रोल नहींःइन कंपनियों ने मेरा उधार नहीं लौटाया, कई साल पहले डायरेक्टर पोस्ट से इस्तीफा दिया



**बेंगलुरु** उथप्पा ने शनिवार रात को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पोस्ट के जरिए अपना पक्ष रखा। 37 साल के पूर्व क्रिकेटर ने लिखा- 'भविष्य निधि अधिकारियों ने बकाया भुगतान की मांग करते हुए नोटिस जारी किए हैं। इसका जवाब हमारी कानूनी टीम ने दिया है।' 21 दिसंबर को पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के खिलाफ पुलकेशीनगर थाने से अरेस्ट वारंट जारी हुआ। आरोप है कि उथप्पा की कंपनी के कर्मचारियों के वेतन से पीएफ काटा गया, लेकिन अकाउंट में जमा नहीं किया गया। **EPFO केस पर उथप्पा का जवाब** 1. काम में मेरी सक्रिय भूमिका नहीं

उथप्पा ने कहा, "पीएम केस में मैं स्ट्रॉबेरी लेंसेरिया प्राइवेट लिमिटेड, सेंटॉरस लाइफ स्टाइल ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड और बेरीज फैशन हाउस के साथ अपनी भागीदारी पर स्पष्टीकरण देना चाहता हूं। 2018-19 में मुझे इन कंपनीज का डायरेक्टर बनाया गया था, क्योंकि मैंने उन्हें फाइनेंशियली सपोर्ट किया था। कंपनी के कामकाज में मेरी सक्रिय भूमिका नहीं थी। 2. मैं टीवी प्रेजेंटेटर, कंपनी के लिए समय नहीं

उथप्पा ने कहा, "एक प्रोफेशनल क्रिकेटर, TV प्रिजेंटर और कमेंटेटर होने के नाते मेरे पास इन कंपनियों का संचालन करने के लिए मेरे पास समय नहीं था। संबंधित कंपनीज ने खुद मेरे शामिल नहीं होने की पुष्टि करने वाले डाक्यूमेंट उपलब्ध कराए हैं।" 3. कंपनियों ने मेरा उधार नहीं लौटाया क्रिकेटर ने कहा, "इस मामले से जुड़ी कंपनियां मेरे द्वारा उधार दिए गए पैसे लौटाने में असफल रहीं। ऐसे में मुझे कानूनी कदम उठाने पड़े। ये मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। मैंने कई साल पहले डायरेक्टर की पोस्ट से इस्तीफा दे दिया है।" **दुबई में रह रहे हैं रॉबिन उथप्पा** दरअसल, बेंगलुरु के रीजनल EPFO कमिश्नर शदाक्षरी गोपाल रेड्डी ने 4 दिसंबर को रॉबिन उथप्पा को करीब 23 लाख रुपए जमा करने का वारंट जारी किया था। पुलकेशीनगर थाना पुलिस जब वारंट रिसीव कराने गई तो रॉबिन अपने घर पर नहीं मिले थे। बताया जा रहा है कि वे अपनी फैमली के साथ दुबई में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक- 27 दिसंबर तक पैसा जमा नहीं कराया गया तो रॉबिन अरेस्ट हो सकते हैं।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0536 एवं 1272 खलखुटवा रातू रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर किनू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फ़ोन नं ,851-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670